उज्जैन
शनिवार
06
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-213
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



ऋचा चड्ढा से लड़कों की सुरक्षा पर उलझी महिला, कहा- देश में 92 हजार पुरुष सुसाइड कर रहे, बेटों को क्या गड्ढे में डाल दें

## पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव से भारत नाराज

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। इसलिए पाकिस्तान को उन क्षेत्रों में किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया चलाने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव कराने जैसी गतिविधियां वहां की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकतीं।



## सीबीएसई 12वीं की वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन की अंतिम तारीख बढ़ी

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा की आंसर शीट के वेरिफिकेशन और री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 6 जून से बढ़ाकर 7 जून कर दी है। बोर्ड के मुताबिक, यह फैसला छात्रों को ज्यादा समय देने और पोर्टल पर सामने आई तकनीकी समस्याओं को देखते हुए लिया है। सीबीएसई ने 2 जून को पोस्ट-रिजल्ट दिक्कतों के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया था। इसके बाद कई छात्रों ने आंसर शीट देखने और वेरिफिकेशन, री-इवैल्यूएशन के लिए आवेदन करने के दौरान कई दिक्कत आने की शिकायत की थी। दूसरी तरफ बोर्ड ने पोर्टल पर साइबर हमलों के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। दिल्ली पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है।

## टीएमसी बोली- ऋतब्रत बनर्जी को नेता विपक्ष बनाना अवैध

**कोलकाता।** टीएमसी में टूट के बाद ममता बनर्जी ने शुक्रवार को पहली बार सीनियर नेताओं के साथ मीटिंग की। पार्टी ने विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने के फैसले को अवैध बताया है। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि स्पीकर के फैसले के खिलाफ सोमवार को हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे। बागी विधायकों को पहले अपने-अपने क्षेत्रों की जनता के बीच जाकर नया जनादेश लेना चाहिए। ममता बनर्जी के घर हुए मीटिंग में 8 विधायक और 6 सांसद पहुंचे। ममता के भतीजे अभीषेक बनर्जी पार्टी के महासचिव बने रहेंगे।




## पंजाब और चंडीगढ़ में भूकंप के झटके, रात 10:04 बजे हिली धरती

**मोहाली।** पंजाब और चंडीगढ़ में शुक्रवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रात करीब 10 बजकर 4 मिनट पर आए झटकों के कारण कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के पास बताया गया है। हालांकि फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। 2 महीने पहले भी पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल में भूकंप आया था। तब भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान का हिंदूकुश था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.9 थी। हमारी धरती की सतह मुख्य तौर पर 7 बड़ी और कई छोटी-छोटी टेक्टोनिक प्लेट्स से मिलकर बनी है। ये प्लेट्स लगातार तैरती रहती हैं और कई बार आपस में टकरा जाती हैं। टकराने से कई बार प्लेट्स के कोने मुड़ जाते हैं और ज्यादा दबाव पड़ने पर ये प्लेट्स टूटने लगती हैं।

## अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से विराट कोहली हटे

**मुंबई।** विराट कोहली जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। न्यूज एजेंसी ने बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। हालांकि, बीसीसीआई ने इसको लेकर अभी कोई बयान जारी नहीं किया है। अगर कोहली इस सीरीज से बाहर होते हैं तो वे 18 साल के करियर में पहली बार चोट की वजह से पूरी सीरीज से बाहर होंगे। टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने कहा- कोहली और रोहित को लेकर अधिकृत जानकारी जल्द ही सामने आएगी। वनडे सीरीज से पहले उनकी फिटनेस का आंकलन किया जाएगा।



## मुंबई में नशे के खिलाफ महाअभियान, 25 जून को 5 लाख लोग एक साथ लेंगे शपथ

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को नशामुक्त बनाने की दिशा में महाराष्ट्र सरकार एक बड़े जनआंदोलन की शुरूआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन और मुंबई उपनगर जिले के सह-पालकमंत्री तथा कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की पहल पर 25 जून 2026 से ड्रग-फ्री मुंबई अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान के तहत मुंबई शहर और उपनगरों में एक साथ 5 हजार स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां 5 लाख से अधिक नागरिक नशे के खिलाफ शपथ लेकर समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेंगे।

# कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर जंतर-मंतर पहुंचे


### अंबेडकर की किताब दिखाकर एयरपोर्ट से निकले थे, प्रदर्शन वाली जगह पर फोर्स तैनात

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंच गए हैं। वे यहां शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे।

अभिजीत शनिवार सुबह 7:45 बजे अमेरिका से दिल्ली पहुंचे। वे करीब एक घंटे बाद एयरपोर्ट से बाहर आए। बाहर आने में देरी की वजह सामने नहीं आई। अभिजीत ने बाहर आकर अंबेडकर की किताब को हाथ में उठाया।

जंतर-मंतर पर सीजेपी का आज पहला प्रदर्शन है। यह प्रदर्शन नीट-यूजी पेपर लीक और सीबीएसई, सीयूईटी एसएससी-जीडी जैसी परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ है।





पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है। सीजेपी ने प्रदर्शन में शामिल होने वाले समर्थकों के लिए एक गाइडलाइन भी जारी की है। इसमें समर्थकों से सनस्क्रीन लगाकर, नाश्ता करके आने, हाथ में तिरंगा, फूल और किताब लाने जैसी 8 अपील की गई हैं।

**अभिजीत बोले- शिक्षामंत्री को इस्तीफा देना चाहिए, स्टूडेंट सुसाइड कर रहे-** अभिजीत दीपके ने दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराई। दीपके ने कहा- शिक्षामंत्री को इस्तीफा देना चाहिए, अब तक 5 स्टूडेंट सुसाइड कर चुके हैं।

# रुपया डॉलर के मुकाबले 81 पैसे मजबूत हुआ

### आरबीआई पॉलिसी के बाद 94.93 पर हुआ बंद

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक के नतीजों के बाद शुक्रवार को भारतीय करेंसी में तेजी देखने को मिली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 81 पैसे की बढ़त के साथ 94.93 के स्तर पर बंद हुआ। केंद्रीय बैंक द्वारा विदेशी पूंजी के इनफ्लो (आगमन) को बढ़ाने और फॉरेक्स लिक्विडिटी को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों से बाजार का सेंटिमेंट सुधरा है।

फॉरेक्स ट्रेडर्स का कहना है कि आरबीआई गवर्नर के इस फैसले से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी आर्थिक झटकों से निपटने के लिए पूरी तरह पर्याप्त है। आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक अपनी ब्याज दरों (रेपो रेट) में कोई बदलाव नहीं किया। यह लगातार दूसरी बार है जब दरों को स्थिर रखा गया है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि एमपीसी ने सर्वसम्मति से शॉर्ट-टर्म लेंडिंग रेट यानी रेपो रेट को 5.25% पर बरकरार रखने का फैसला किया है।



# मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में मानसून देर से पहुंचने का अनुमान

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

3 दिन की देरी से आने के बाद मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। केरलम, कर्नाटक, तमिलनाडु को पार कर मानसून गोवा पहुंच गया है। मुंबई में भी इसके जल्द पहुंचने की संभावना है। फिलहाल पणजी, बेंगलुरु, सलेम, पंबन में मानसून के कारण तेज बारिश हो रही है।

वहीं, केरलम में आज बारिश का रेड अलर्ट है। रेड अलर्ट का मतलब है यहां अगले 24 घंटे में 20 सेंमी से बहुत ज्यादा बारिश हो सकती है। वायनाड-कासरगोड में स्कूल आज बंद रहेंगे। टूरिस्ट ट्रेकिंग स्पॉट पर जाने, पहाड़ी रास्तों पर रात में ट्रैवलिंग और पत्थर निकालने के काम पर रोक लगा दी गई है। आईएमडी के मुताबिक 3 दिन में मानसून असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल और बंगाल के कुछ हिस्सों तक पहुंच सकता है। 10 दिन में यह बिहार, झारखंड और ओडिशा में आ सकता है। हालांकि, बाद में मानसून अटक सकता है। स्काईमेट वेदर के एक्सपर्ट जीपी शर्मा के मुताबिक एमपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बंगाल में मानसून को आगे बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में एक मजबूत सिस्टम की जरूरत होती है, जो फिलहाल मौजूद नहीं है। ऐसे में इन राज्यों में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

# अन्नामलाई की नई पार्टी से 10 लाख लोग जुड़े

### लॉन्च के 10 घंटे के भीतर रजिस्ट्रेशन, समर्थन में तमिलनाडु बीजेपी उपाध्यक्ष ने भी इस्तीफा दिया

ब्रह्मास्त्र » चेन्नई

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई की नई पार्टी इधु नम्मा इयक्कम को शुरूआत में ही बड़ा जनसमर्थन मिलने का दावा किया गया है। अन्नामलाई के अनुसार, आंदोलन शुरू होने के 10 घंटे के भीतर 10 लाख से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

अन्नामलाई ने इसे लोगों का आंदोलन बताते हुए कहा कि यह राज्य के भविष्य को लेकर साझा सोच और मिशन का प्रतीक है। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसकी चिट्ठी शुक्रवार को सामने आई। अन्नामलाई के समर्थन में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष करु नागराजन ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा- मैंने और कई भाजपा नेताओं ने अन्नामलाई का समर्थन करने का फैसला किया है।



**अन्नामलाई ने कहा- हमारी पार्टी 2031 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी-** अन्नामलाई ने भाजपा से इस्तीफा देने के बाद 5 जून को नई पार्टी बनाने की घोषणा की। सोशल मीडिया पर वीडियो मैसेज में कहा, आज हम अपना स्वतंत्र आंदोलन खड़ा कर रहे हैं। हमारी पार्टी तमिलनाडु में 2031 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने वी द लीडर्स नाम से नया प्लेटफॉर्म और wethelead-er.org वेबसाइट भी लॉन्च की। इसके साथ ही कोयंबटूर में एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर फॉर इथिक्स एंड पॉलिटिक्स संस्थान भी स्थापित करने की घोषणा की है। अन्नामलाई कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी रहे हैं।

# इंडिगो फ्लाइट में टेकऑफ से पहले पक्षी टकराया

### बेंगलुरु से मुंबई के लिए उड़ान भरनी थी

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

बेंगलुरु से मुंबई जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-6283 शुक्रवार शाम टेकऑफ से ठीक पहले बर्ड हिट का शिकार हो गई। विमान को शाम 7:04 बजे उड़ान भरनी थी, तभी उससे एक पक्षी टकरा गया। इसके बाद पायलट विमान को वापस बे पर ले गया। पीटीआई के मुताबिक, घटना के बाद एयरबस ए321नीयो विमान के दोनों इंजन की जांच की गई। साथ ही दूसरी चीजों की भी तकनीकी जांच की गई। इसमें एक घंटे से ज्यादा का समय लगा। अधिकारियों ने कहा कि विमान पूरी तरह से सुरक्षित है। इसके बाद रात 8:46 बजे विमान मुंबई के लिए रवाना हुआ। हालांकि फ्लाइट में कितने यात्री सवार थे, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।



# कानपुर में बुर्का पहनकर टीचर दोस्त को मार डाला

### 10 लाख का गोल्ड ब्रेसलेट और चेन लूटी

ब्रह्मास्त्र » कानपुर

कानपुर में कोचिंग संचालक विजय प्रकाश गुप्ता की हत्या करने वाला उनका 18 साल पुराना दोस्त मोहित द्विवेदी निकला है। मोहित ने विजय की हत्या किसी रंजिश के कारण नहीं, बल्कि करीब 10 लाख रुपए के सोने के ब्रेसलेट और चेन लूटने के लिए की थी। शुक्रवार को पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किया।

पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने बताया- मोहित द्विवेदी ने करीब 15 दिन पहले ही वारदात की योजना बना ली थी। उसने यूट्यूब पर सर्च किया कि पहचान छिपाकर दोस्त की हत्या कैसे करें। उसने क्राइम पेट्रोल के कई एपिसोड भी देखे, जिससे पुलिस जांच से बच सके।

पहचान छिपाने के लिए मोहित ने बुर्का, लेडीज चप्पल, पर्स, दुपट्टा, ग्लव्स पहने। 31 मई (रविवार) की रात ऑटो से कोचिंग पहुंचकर लूट की। विरोध करने पर जोर का धक्का दिया। इससे विजय प्रकाश गुप्ता जमीन पर गिर गए। सिर में चोट लगने के कारण वे बेहोश हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई। फिर मोहित उन्हें दूसरे कमरे में घसीटकर ले गया। अगले दिन 1 जून की सुबह महिला टीचर पहुंची तो खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को सूचना दी।

### फायरिंग मामले में पुलिस अब तक

# खान सर को गिरफ्तार नहीं कर पाई

ब्रह्मास्त्र » पटना

पटना में फायरिंग मामले में खान सर पर एफआईआर के 24 घंटे बाद भी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। रातभर पुलिस की 5 गाड़ियां अलग-अलग वक्त पर खान सर की कोचिंग में पहुंची। स्टूडेंट्स भी रातभर कोचिंग के बाहर बैठे रहे।

पुलिस गाड़ी से बार-बार अनाउंस करती रही कि हट जाइए, लौट जाइए, लेकिन स्टूडेंट्स रातभर डटे रहे। खान सर को जानने वालों का कहना है कि वो कोचिंग के अंदर ही मौजूद हैं। कुछ लोग ये भी बता रहे हैं कि वो यहां नहीं हैं। खान सर की कोचिंग में पढ़ने वाले छात्रों को मैसेज आया है। इसमें लिखा है- आज भी सर की क्लास होगी। सुबह 10 से 11 बजे तक।



खान सर पर हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। खान सर के गार्ड्स ने पुलिस को बयान दिया कि उन्होंने हमें कहा तुम गोली चलाओ, बाकी हम देख लेंगे। इसी आधार पर पुलिस ने खान सर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

बीएनएस की धारा 109 के तहत ये केस दर्ज किया गया है। इसमें 10 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें अग्रिम जमानत भी नहीं मिल सकती है। शुक्रवार को लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर आईजी ऑफिस में पुलिस की हाई लेवल मीटिंग हुई। पुलिस ने छात्रों से अपील की थी कि वो किसी कोचिंग सेंटर के बहकावे में ना आएं।

### मप्र में लागू होंगे सिविल सर्विस के नए नियम

# 2 से अधिक संतानों पर नहीं कर सकेंगे सरकारी नौकरी

ब्रह्मास्त्र » भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार सिविल सेवा नियमों में बदलाव करने जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसका जो प्रारूप जारी किया है, उसमें लिखा है कि 26 जनवरी 2001 के बाद जिनकी दो से अधिक संतान होगी, वे सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य होंगे।



प्रारूप के नियम 5 और 6 में नियुक्ति के लिए योग्यता और अयोग्यता का जिक्र है। अयोग्यता के कॉलम में भी पांच प्रमुख पॉइंट्स हैं। इनमें से 1 दो बच्चों से जुड़ा है, जबकि जीएडी ने पिछले साल ही सरकारी नौकरी में दो बच्चों की पाबंदी हटाने वाला प्रस्ताव तैयार किया था। प्रस्ताव को मुख्यमंत्री की सैद्धांतिक सहमति भी मिल गई थी।

**प्रोबेशन पीरियड बाद खुद परमानेंट होंगे**

बता दें 24 साल पहले साल 2001 में प्रदेश की तत्कालीन दिग्विजय सिंह सरकार ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में संशोधन करते हुए यह प्रतिबंध लागू किया था।

**नियम में क्या लिखा-** कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से ज्यादा संतानें हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके बाद हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, लेकिन कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है और अगला प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके बाद हो, जिसमें दो या दो से ज्यादा संतान का जन्म होता है, वो किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए अपात्र होगा। इसके अलावा नियमों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अगर प्रोबेशन पीरियड समाप्त होने के 6 माह के भीतर विभाग कोई निर्णय नहीं लेता तो कर्मचारी को उस पद पर स्वतः स्थायी माना जाएगा।

### 15 जून तक दे सकेंगे सुझाव

जीएडी के अपर सचिव अजय कटेसरिया ने मध्य प्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 2026 का मसौदा जारी किया है। इसमें सिविल सेवा भर्ती के नए नियमों को लेकर कर्मचारी संगठन और लोगों से राय मांगी है। 15 जून तक जीएडी की वेबसाइट पर सुझाव दिए जा सकते हैं। इसके बाद फाइनल मसौदा तैयार कर कैबिनेट से मंजूरी के लिए लाया जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने के बाद नियम इसी साल जुलाई से लागू किए जा सकते हैं।

## 5 साल तक सहमति से रहे संबंध को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता



ब्रह्मास्त्र » जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की जबलपुर खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि दो बालिग व्यक्तियों के बीच लंबे समय तक आपसी सहमति से संबंध रहे हों, तो बाद में केवल दुष्कर्म का आरोप लगा देना स्वतः अपराध साबित नहीं करता। न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की ग्रीष्मकालीन अवकाश एकलपीठ ने ऐसे ही एक मामले में आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत प्रदान की है।

मामला सिंगरौली निवासी राजेश चर्माकर से जुड़ा है, जिसके खिलाफ एक महिला ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए. मामले में गिरफ्तारी की आशंका के चलते आरोपी ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी।



उज्जैन
शनिवार
06
जून, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

धर्मार्थकाममोक्षेषु यस्यैकोऽपि न विद्यते।
जन्म जन्मानि मत्र्येषु मरणं तस्य केवलम्॥

**अर्थ:** जिस मनुष्य को धर्म, काम-भोग, मोक्ष में से एक भी वस्तु नहीं मिल पाती, उसका जन्म केवल मरने के लिए ही होता है।

## खबर एक नजर...

### युवक ने पत्नी से विवाद के बाद फांसी लगाई

**इंदौर।** खुड़ैल थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब दुकान के पीछे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। घटना से पहले वह पत्नी को मनाने ससुराल गया था, जहां उसकी कहासुनी हो गई थी। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान अमीर (36) पुत्र तेजराम पाल निवासी आठ मील के रूप में हुई है। अमीर कथास्थलों पर अंगूठी और माला बेचने का काम करता था। उसका परिवार मूल रूप से भोपाल का रहने वाला है। परिजनों ने बताया कि अमीर की पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। गुरुवार को अमीर उसे लेने ससुराल पहुंचा था। इसी दौरान पत्नी को साथ ले जाने की बात पर उसकी काका ससुर से बहस हो गई। विवाद के बाद अमीर वहां से निकल गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद वह एक शराब दुकान पहुंचा, जहां उसने शराब पी। बाद में दुकान के पीछे खड़े डंपर से फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार के मुताबिक आत्महत्या से पहले अमीर ने अपनी पत्नी को फोन भी किया था।

### स्मगलिंग का नया पैंतरा, अनाज की बोरियों के पीछे छिपा 147 किलो गांजा जब्त

**इंदौर।** बड़वानी जिले की वरला थाना पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुलिस ने ग्राम पांजरिया में दबिश देकर एक घर से करीब एक क्विंटल 47 किलो गांजा जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस खेप की अनुमानित कीमत 32 लाख 34 हजार रुपए बताई जा रही है। तस्करों ने इस भारी-भरकम खेप को पुलिस की नजरों से बचाने के लिए घर में अनाज की बोरियों के पीछे छिपा रखा था। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को दबोचा है, जबकि मुख्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर आईजी (ग्रामीण) जोन इंदौर के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल और सेंधवा एसडीओपी अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में वरला थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण रावल को सूचना मिली।

### लगातार दूसरे दिन मावठा, दो दिन में 12 मिमी बारिश

**उज्जैन।** प्री-मानसून गतिविधियां तेज हो गई हैं। सुबह की शुरुआत मानसून वाले दिनों की तरह हो रही है। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन मावठा भी गिरा। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार दो दिन में 12 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। मावठे ने दिन के साथ रात के पारे को भी गिरा दिया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रहा, जबकि गुरुवार को अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया था। मौसम विभाग भोपाल के अनुसार अगले चार दिन इसी का मौसम रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। उसके बाद आसमान साफ होगा और दिन के साथ रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि प्री-मानसून गतिविधियों के चलते मौसम में अचानक बदलाव भी हो सकता है। इससे दिन में धूप के तेवर तीखे होने की जगह ठंडी हवा भी चलने लगेगी। रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट के संकेत भी हैं। 24 घंटे में जिले में औसत 14.1 मिलीमीटर वर्षा कलेक?टर कार्यालय भू अभिलेख के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 14.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसमें उज्जैन तहसील में 27 मिमी, घट्टिया तहसील में 05 मिमी, खाचरौद में 12 मिमी, नागदा में 02 मिमी, बड़नगर में 58 मिमी, महिदपुर में 11 मिमी, झारड़ा में 2.0 मिमी, तराना में 6 मिमी, और माकड़ौन में 4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से लेकर अब तक जिले में औसत 21.5 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### रबी और खरीफ के लिए संभागीय बैठक आज

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी 2025-26 की समीक्षा और खरीफ 2026 की तैयारी के लिए संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार 6 जून की सुबह 10 से शाम 6 बजे तक सिंहस्थ मेला कार्यालय के प्रथम तल उज्जैन पर आयोजित किया जाएगा। बैठक के प्रथम सत्र में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सहकारिता एवं संबद्ध संस्थाएं तथा द्वितीय सत्र में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग तथा संबद्ध संस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। बैठक में संभागायुक्त आशीष सिंह ने संभाग के सभी कलेक्टर और जिपं सीईओ तथा संबंधित विभागों के अफसरों को शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

### दिनभर दुकान पर फिर भी घर का बिजली बिल 3000 रुपए

**उज्जैन।** कम उपयोग पर भी बिजली उपभोक्ताओं को बिजली का झटका लग रहा है। कंपनी द्वारा थमाए जा रहे बिल लिए लोग दफ्तर पहुंचकर विरोध तक कर रहे हैं। 1912 नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है। कृष्णा विहार निवासी देवेंद्र कोठारी ने बताया घर में 3 सदस्य हैं, जो सुबह 11 से रात 8 बजे तक दुकान पर रहते हैं। सिर्फ रात में ही घर पर आते हैं। बावजूद पिछले माह 3200 और इस महीने 2870 रुपए का बिल दिया। दुकान का बिल भी 5500 रुपए का दिया है। जबकि घर व दुकान दोनों ही क्षेत्र में हर दिन 3-4 घंटे बिजली गुल रहती है। कोठारी ने बताया बिजली कम खर्च कर रहे, फिर भी इतना बिल दिया जा रहा है। मंछामन निवासी विजय प्रजापति ने बताया कि उन्हें घर का बिल 3300 रुपए व नयापुरा के आनंद गादिया को 4500 का बिल ?थमा दिया। सभी ने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करा दी, लेकिन इसका भी कोई निराकरण नहीं हो सका।

## जिला कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज की, मुख्य आरोपी के लगातार संपर्क में था


# हनी ट्रैप-2 मामले में आरोपी विनोद शर्मा को झटका

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

चर्चित हनी ट्रैप-2 प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी विनोद शर्मा को जिला कोर्ट से राहत नहीं मिली है। जिला कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी जमानत याचिका निरस्त कर दी। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया उपलब्ध साक्ष्यों और पुलिस जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया।

हनी ट्रैप-2 मामले की जांच के दौरान पुलिस ने विनोद शर्मा को सह-आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों का दावा है कि यह मामला केवल ब्लैकमेलिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सुनियोजित तरीके से लोगों को जाल में फंसाकर उनसे बड़ी रकम वसूलने का प्रयास किया गया। मामले में कई अन्य आरोपियों की







गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

**शासन पक्ष ने जताई कड़ी आपत्ति-** जमानत सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक अभिजीत सिंह राठौर ने कोर्ट को बताया कि याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया कि मामला गंभीर प्रकृति का है और आरोपी की भूमिका जांच में सामने आई है। अभियोजन ने कहा कि यदि आरोपी को जमानत दी जाती है तो वह साक्ष्यों को प्रभावित कर सकता है। मामले की निष्पक्ष जांच प्रभावित होने की आशंका है।

**क्या है विनोद शर्मा पर आरोप-** विनोद शर्मा इंदौर पुलिस की इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल था। क्राइम ब्रांच की जांच में आरोप है कि वह हनी ट्रैप गिरोह के संपर्क में था और पूरे घटनाक्रम की रणनीति बनाने तथा सलाह देने में शामिल था। पुलिस के अनुसार, उसका मुख्य आरोपी अलका दीक्षित से लगातार संपर्क था। जांच में मिले चैट और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोप है कि कारोबारी से जुड़े फोटो, वीडियो और अन्य जानकारियां उसके साथ साझा की जाती थीं, जिनके आधार पर आगे की ब्लैकमेलिंग की रणनीति बनाई जाती थी। यह भी सामने आया कि गिरोह की महिलाएं उसे जीजा कहकर संबोधित करती थीं और आगे की कार्रवाई को लेकर उससे सलाह लेती थीं।

**क्या है मामला-** पुलिस जांच के अनुसार, फरियादी को कथित रूप से ब्लैकमेल कर बड़ी राशि की मांग की गई थी। आरोप है कि रुपए नहीं देने पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। जांच के दौरान पुलिस ने इसे संगठित अपराध मानते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और कई आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**कोर्ट का रुख-** कोर्ट ने उपलब्ध केस डायरी, जांच प्रतिवेदन और अभियोजन पक्ष के तर्कों का अवलोकन करने के बाद माना कि मामले की जांच अभी महत्वपूर्ण चरण में है। ऐसे में आरोपी को जमानत देने से जांच और साक्ष्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी आधार पर विनोद शर्मा की जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

**पुलिस का दावा-** क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के अनुसार, शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान उर्फ चिंटू ठाकुर से कथित ब्लैकमेलिंग और एक करोड़ रुपए की मांग के मामले की जांच के दौरान विनोद शर्मा की संलिप्तता के पर्याप्त साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया।

**कई आरोपी पहले से हैं जेल में-** उल्लेखनीय है कि हनी ट्रैप-2 प्रकरण में कथित लेडी शराब तस्कर अलका दीक्षित, उसका पुत्र जयदीप, लाखन चौधरी, रेशू चौधरी, श्वेता विजय जैन सहित अन्य आरोपी पहले से न्यायिक हिरासत में हैं। इसी मामले में हाल ही में आरोपी लाखन चौधरी की जमानत याचिका भी अदालत द्वारा खारिज की जा चुकी है।

## भाजपा ग्रामीण कार्यालय के भूमिपूजन में कहा- हर कार्यकर्ता की हो भागीदारी

# तुलसी भैया की क्षमता मैंने पहचानी है: विजयवर्गीय

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भाजपा ग्रामीण कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने चिर-परिचित अंदाज में नजर आए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और विधायक मधु वर्मा की ओर इशारा करते हुए कहा कि कार्यालय निर्माण की क्षमता दोनों नेताओं में है, लेकिन यह भवन केवल कुछ लोगों के सहयोग से नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता की सहभागिता से बनना चाहिए।

विजयवर्गीय ने कार्यकताओं से कार्यालय निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और सहभागिता से खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्यालय निर्माण में प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान होना चाहिए, चाहे वह एक रुपए का हो या अधिक।

विजयवर्गीय ने कहा कि यहां तुलसी



भैया और मधु भैया जैसे नेता मौजूद हैं, जो चाहें तो अकेले भी कार्यालय का निर्माण करवा सकते हैं। इस पर सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाईं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा हनुमान की क्षमता को जामवंत ने पहचाना था और आपकी क्षमता को मैंने पहचाना है। विजयवर्गीय के इस बयान पर मंच और सभा स्थल पर मौजूद लोगों के बीच ठहाके गूंज उठे।

उन्होंने आगे कहा कि तुलसी सिलावट इतने सक्षम हैं कि एक नहीं, 10 कार्यालयों का निर्माण करा सकते हैं, लेकिन संगठन की परंपरा यही है कि प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी से भवन तैयार हो, ताकि उसमें सभी का अपनापन और योगदान जुड़ा रहे। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई मंत्री, विधायक और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे। विजयवर्गीय ने अपने संबोधन की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए की और सभी कार्यकताओं का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक एकजुटता, कार्यकताओं की भूमिका और भाजपा के विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। भूमि पूजन समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हर कार्यकर्ता से सहयोग की अपील

विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा का कार्यालय केवल ईंट-पत्थरों से नहीं बनता, बल्कि उसमें कार्यकर्ताओं का श्रम, समर्पण और सहयोग जुड़ा होता है। उन्होंने पोलिंग बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संपर्क कर स्वैच्छिक सहयोग जुटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि फूल नहीं तो पंखुड़ी सही, लेकिन कार्यालय निर्माण में हर कार्यकर्ता का योगदान होना चाहिए। जब हजारों कार्यकर्ताओं का सहयोग जुड़ता है, तभी संगठन का कमल और अधिक मजबूत होता है।

# मौत के बाद पिता के नाम बेटे ने लिया लोन

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

एक युवक ने अपने पिता की मौत के करीब ढाई साल बाद उनके नाम पर लोन ले लिया। मामले का खुलासा तब हुआ जब लोन कंपनी का रिकवरी एजेंट किस्त जमा नहीं होने पर घर पहुंचे। विजयनगर पुलिस ने मृत पिता के नाम पर लोन लेकर राशि का दुरुपयोग करने के मामले में बेटे के खिलाफ गुरुवार रात ऋक्क़दर्ज की है।

आरोपी ने बजाज फाइनेंस से लोन स्वीकृत करवाकर राशि पिता के खाते में डलवाई और बाद में अपने खाते में ट्रांसफर कर ली। विजयनगर पुलिस ने बजाज फाइनेंस के इंदौर कार्यालय में एसीयू पद पर कार्यरत आकाश गौतम की शिकायत पर बजरंग नगर निवासी अंकित चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, अच्छेलाल रामचीज चौहान के नाम पर 2 लाख 12 हजार रुपए का लोन लिया था। अच्छेलाल पहले भी बजाज फाइनेंस के ग्राहक रह चुके थे और पूर्व में लिया गया लोन समय पर चुका दिया गया था।

**पिता की मौत के 3 साल बाद लिया लोन-** कंपनी के रिकॉर्ड के अनुसार, उनकी आईडी से लोन के लिए आवेदन आया था, जिसे 20 जनवरी 2024 को स्वीकृत कर दिया गया, लेकिन किश्तें नहीं मिलने पर रिकवरी एजेंट उनके घर पहुंचा, जहां पता चला कि अच्छेलाल का निधन 21 अगस्त 2021 को हो चुका है। जांच में सामने आया कि अच्छेलाल का मोबाइल नंबर उनका बेटा अंकित इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस के अनुसार, उसी ने पिता की पहचान का उपयोग कर लोन प्राप्त किया।

# महाकाल महालोक में होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य आयोजन

## हजारों लोग करेंगे योग, उज्जैन से दुनिया को जाएगा आध्यात्मिक संदेश



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व योग दिवस पर इस बार उज्जैन में मुख्य आयोजन महाकाल महालोक में होगा। 21 जून को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को भव्य और दिव्य स्वरूप देने की तैयारियां जिला प्रशासन और महाकाल मंदिर समिति ने शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम में हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को विशेष रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उज्जैन आदि योगी भगवान शिव की नगरी है, इसलिए इस बार का मुख्य कार्यक्रम श्री महाकाल महालोक में प्रस्तावित किया गया है।

**जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की होगी बैठक-** कलेक्टर के मुताबिक कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए जल्द ही जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उद्देश्य यह है कि योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देश-दुनिया तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब महाकाल की ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच हजारों लोग एक साथ योग करेंगे, तो यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं रहेगा, बल्कि आत्मा, मन और चेतना के संतुलन का वैश्विक संदेश बनेगा। इस आयोजन के जरिए महाकाल महालोक की आध्यात्मिक पहचान भी पूरी दुनिया तक पहुंचेगी।

## सांवेर रोड पर 8 किमी तक कुत्ते की दहशत

# 10 घंटे में पागल कुत्ते ने 42 लोगों को काटा

### निगम को फोन किया तो बोले- टीम अतिक्रमण हटाने में लगी है

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर में शुक्रवार को एक आवारा कुत्ते (स्ट्रीट डॉग) ने भारी आतंक मचाया। सांवेर रोड पर करीब 8 किमी में (अरबिंदो हॉस्पिटल से लेकर रेनेसां कॉलेज तक) कुत्ते ने 10 घंटे तक आतंक मचाए रखा और 42 लोगों को अपना शिकार बना लिया। दहशत का आलम यह था कि लोग लाठियां लेकर सड़कों पर उतरे, लेकिन सबसे बड़ा सवाल सिस्टम पर उठा।

मामले में जब अरबिंदो अस्पताल के प्रबंधक डॉ. नीरज सेन ने लगातार 4 बार निगम कंट्रोल रूम को फोन कर डॉग स्क्वॉड भेजने की गुहार लगाई, तो वहां से एक ही जवाब मिला, ह्यहमारी टीम मल्हारगंज में अतिक्रमण मुहिम में व्यस्त है, अभी नहीं आ सकती।





नतीजतन, जो कुत्ता अस्पताल परिसर में ही पकड़ा जा सकता था, वह खुलेआम 8 किमी तक लोगों को काटता हुआ आगे बढ़ता रहा। 16 घायल सीधे अरबिंदो अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जबकि बाकी 26 लोगों को आसपास के क्लिनिक और नर्सिंग होम में अपना इलाज करवा रहे हैं। निगम अफसरों को देर रात तक जानकारी ही नहीं जब टीम ने निगम अफसरों से बात की तो उन्होंने कहा, कुत्ता काटने की घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। यदि इतने लोगों को कुत्ते ने काटा है तो यह गंभीर मामला है। शुक्रवार को टीमें अलग-अलग कामों में व्यस्त थीं। तत्काल टीम भेज रहे हैं।

**कुत्ता अभी भी खतरा बन शहर में घूम रहा:** जान बचाने लाठियां लेकर सड़कों पर उतरे ग्रामीण

**खौफ का रूट :** कहां-कहां मचाया आतंक

**सुबह 8:30 बजे (अरबिंदो अस्पताल परिसर):** कुत्ते ने एक-एक कर 16 लोगों को नोचा। इनमें 6 महिलाएं हैं, जिनमें दो डॉक्टर हैं। अन्य 10 पुरुष हैं।

**दोपहर (ग्राम बरदरी व रेवती रेंज):** अस्पताल से भागने के बाद कुत्ते ने ग्रामीण इलाकों का रुख किया और राहगीरों को निशाना बनाया।

**शाम (रेनेसा कॉलेज के आसपास):** 8 किमी दूर तक कुत्ते का आतंक जारी रहा। देर शाम 8:30 बजे भी 3 नए घायल अस्पताल पहुंचे।

ग्रामीण खुद लाठियां लेकर उतरे रेस्क्यू टीम के न पहुंचने पर लोगों को अपनी जान बचाने के लिए खुद ही सड़कों पर उतरना पड़ा। ग्रामीण इलाकों में दहशत इतनी फैल गई कि लोग इस खूंखार कुत्ते से निपटने के लिए लाठियां लेकर बाहर आ गए। इसके बावजूद कुत्ता बेकाबू होकर लगातार लोगों को अपना शिकार बनाते हुए आगे बढ़ता चला गया।

आवारा कुत्तों की समस्या बेकाबू हो चुकी है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच हुकुमचंद अस्पताल में 49,987 डॉग बाइट के मरीज पहुंचे हैं। सालभर में अस्पताल की 1,30,054 मरीजों की कुल ओपीडी का करीब 38 प्रतिशत हिस्सा केवल कुत्तों के शिकार लोगों का ही रहा है।

## उज्जैन कांग्रेस शिविर में कार्यकर्ताओं को मिला जीत का नया मंत्र

# प्रदेश प्रभारी ने मंडल अध्यक्षों को 'ग्राम देवता' की तरह काम करने की सीख दी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में जिला कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस दौरान प्रदेश प्रभारी महेंद्र जोशी ने मंडल अध्यक्षों को 'ग्राम देवता' की तरह काम करने की सीख दी। जोशी ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत जनता के बीच सक्रिय रहने और उनकी समस्याओं के समाधान से बढ़ती है। उन्होंने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित इस शिविर के दूसरे दिन जोशी ने मंडल अध्यक्षों की भूमिका को संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्षों को केवल राजनीतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इसके बजाय, उन्हें अपने क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनना चाहिए और उनके साथ सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए। जोशी ने मंडल अध्यक्षों से





संगठन के प्रति जवाबदेह रहने और अपने क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर नजर रखने को कहा। उन्हें जनता के मुद्दों को समझना, उन्हें पार्टी संगठन तक पहुंचाना और समस्याओं को हल करने में मदद करनी चाहिए। प्रदेश प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का निर्देश भी दिया। शिविर में संगठन की मजबूती के साथ-साथ सोशल मीडिया, मतदाता सूची और पार्टी की कनेक्टिविटी व्यवस्था पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल प्रभारी चंचलेश व्यास ने सोशल मीडिया को जनता की आवाज और मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। मतदाता सूची के प्रदेश प्रभारी ललित सेन ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका और मतदाता सूची से संबंधित समस्याओं को दूर करने की प्रक्रिया समझाई।

### पंडित नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह के योगदान पर चर्चा

इस दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक, कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्रियों द्वारा देश के विकास में दिए गए योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। पार्टी की 70 साल की गौरव यात्रा और बांग्लादेश के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तथ्यों का भी जिक्र हुआ। शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत कांग्रेस सेवा दल के ध्वजारोहण, वंदे मातरम गायन और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व बाबासाहेब अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुई। समापन सत्र में राष्ट्रगान के बाद, शिविर में भाग लेने वाले सभी 275 पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



## खबर एक नजर...

### शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र उज्जैन में निःशुल्क प्रशिक्षण

उज्जैन,। म.प्र. राज्य सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा 2027 में सम्मिलित होने वाले म.प्र. के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पात्र उम्मीदवारों के लिए परीक्षा पूर्व कोचिंग लेने के लिए आवेदन पत्र 12 जून तक आमंत्रित किए जाते हैं। प्रशिक्षण 15 जून से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन कार्यालयीन समय में जमा किए जा सकेंगे। आवेदन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, उज्जैन संभाग, उज्जैन, सांवेर रोड, दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे, गांधी नगर, उज्जैन, म.प्र. में जमा किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

### कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में संभागीय बैठक 6 जून को होगा

उज्जैन। मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में रबी 2025-26 की समीक्षा और खरीफ 2026 की तैयारी के लिए संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार 6 जून को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक सिंहस्थ मेला कार्यालय के प्रथम तल पर आयोजित किया जाएगा।बैठक के प्रथम सत्र में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, सहकारिता एवं संबद्ध संस्थाएं तथा द्वितीय सत्र में पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग तथा संबद्ध संस्थाओं की समीक्षा की जाएगी।

### विक्रम विवि के रोजगारोन्मुखी 3 पाठ्यक्रमों से नौकरी के अवसर

उज्जैन। बड़ी डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार के लिए भटक रहे युवाओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की समाजशास्त्र अध्ययनशाला ने नई शिक्षा नीति के तहत तीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें पूरा करने के बाद सीधे नौकरी के अवसर मिलने का दावा किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति उपाध्याय के अनुसार अध्ययनशाला में एक वर्षीय गाइडेंस एंड काउंसलिंग डिप्लोमा संचालित है, जिसके बाद शासकीय चिकित्सालयों और बड़े निजी अस्पतालों में रोजगार की संभावनाएं बनती हैं। वर्तमान सामाजिक परिवेश को देखते हुए छह माह का फैमिली एंड मैरिज गाइडेंस सर्टिफिकेट कोर्स भी उपयोगी बताया गया है। विभाग के मुताबिक यह पाठ्यक्रम टूटते परिवारों को संभालने और उन्हें स्थायित्व देने में मदद करता है। अध्ययनशाला ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में नई शिक्षा नीति के तहत प्रवेश के लिए उम्र या भाषा की कोई बाध्यता नहीं है और कोई भी स्नातक डिग्रीधारी व्यक्ति किसी भी उम्र में इनमें प्रवेश ले सकता है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए सुमन मानविकी भवन अध्ययनशाला में संपर्क किया जा सकता है।

### सिंहस्थ से पहले एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य, वृक्षमित्रों ने विक्रम विवि में रोपे 500 पौधे

उज्जैन। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षमित्र सेवा समिति ने 'सतत प्राणवायु अभियान' के तहत 500 पौधों का रोपण किया। समिति के 'सिंहस्थ के पूर्व लगे एक लाख वृक्ष' लक्ष्य के अंतर्गत यह पौधारोपण विक्रम विश्वविद्यालय स्थित आईएमए वन में किया गया। अभियान के तहत परिसर में बड़, पीपल, नीम, करंज, कचनार, आम और बांस आदि के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल बतौर विशेष अतिथि शामिल हुए। संजय अग्रवाल ने पर्यावरण दिवस की बधाई देते हुए आमजन से जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ पर एक पौधा लगाने व उसके संरक्षण का आह्वान किया।

# मना नंदोत्सवः ब्रज में हो रही जय-जयकार, नंदघर लाला जायो है

### श्रीमदभागवत कथा के 5वें दिन भगवान को लगाया गया 56 भोग, मोगरे के फूलों से महका गर्भगृह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में चल रही श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक गुब्बारों और ठाकुर जी के गर्भगृह को मोगरे के सुगंधित फूलों से विशेष रूप से सजाया गया था। कथाचार्य पंडित हरिनारायण शास्त्री के सानिध्य में उपस्थित भारी जनसमुदाय ने 'ब्रज में हो रही जय जयकार, नंदघर लाला आयो है...' जैसे भजनों पर झूमते हुए बधावा गाया। इस पावन मौके पर भगवान बांके बिहारी को छप्पन (56) भोग भी लगाया गया।

अधिकमास के अंतर्गत आयोजित इस कथा में व्यासपीठ से पंडित शास्त्री ने श्रद्धालुओं को 'श्रीकृष्ण शरणम्‌ ममः' मंत्र का महत्व समझाया और भगवान की विभिन्न बाल-लीलाओं का सजीव वर्णन किया। उन्होंने कहा ₹प्रयागराज भले ही तीर्थराज हैं, लेकिन ब्रजधाम पृथ्वी का साक्षात बैकुंठ है। वहां की रज और हर वस्तु में देवताओं का वास है, इसलिए जीवन में ब्रजधाम की यात्रा अवश्य करनी चाहिए।₹ मंदिर के व्यवस्थापक पंडित वासुदेव शास्त्री ने बताया कि शनिवार को कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा, जबकि कथा का विराम रविवार को होगा। कथा के दौरान पंडित शास्त्री ने आहार, विहार और विचार की शुद्धता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने उज्जैन के अंकपात और मंगलनाथ मार्ग जैसे पवित्र क्षेत्रों में रात के समय होने वाली खुलेआम शराबखोरी पर गहरी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह पूरा क्षेत्र धार्मिक है, जहां दिनभर मंदिरों में पवित्र अनुष्ठान होते हैं। लेकिन शाम होते ही मैरिज गार्डनों में आने वाले लोग और अन्य तत्व सड़कों के किनारे बैठकर शराब पीते हैं, जिससे सनातन संस्कृति और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचती है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

व्यासपीठ से मिले जीवनोपयोगी टिप्सः परिवार को विपत्ति से बचाने के नियम

पंडित हरिनारायण शास्त्री ने सुखी जीवन और परिवार को संकटों से दूर रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सनातन नियम और टिप्स भी साझा किएः

- श्मशान घाट से लौटने के बाद जब तक परिवार में सूतक का पूर्ण शुद्धिकरण न हो जाए, तब तक सीधे भोजन करने की परंपरा बंद होनी चाहिए। यह तमाम दुखों का कारण बनती है।

- रसोई घर में काम करते समय कभी भी दूध को उफनकर बाहर नहीं गिरने देना चाहिए। मान्यता है कि इससे बच्चों की आयु और स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। - ऐसी जगहों पर जाने से हमेशा बचें जहां नकारात्मक विचार या नकारात्मक ऊर्जा का वास हो।

### पृथ्वी को संकट से बचाना है तो पौधों का अपनी संतान की तरह करें पालन-पोषण - डॉ. एच.एल. अनिजवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पृथ्वी को संकट से बचाने के लिए सघन पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। धरती हमारी माता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति 'एक पेड़ मां के नाम' जरूर लगाए। लगाए गए प्रत्येक पौधे को अपनी संतान मानकर उसका पालन-पोषण करें, क्योंकि हमारे द्वारा लगाया गया पौधा आने वाली पीढ़ी के लिए एक बड़ा उपहार होगा।

यह बात उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल ने कही। वे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सौजन्य से 'जल गंगा संवर्धन अभियान' और 'पर्यावरण सम्मेलन' के तहत आयोजित इस कार्यशाला के साथ ही महाविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधारोपण किया गया। इसके अलावा विष्णु सागर में स्वच्छता अभियान चलाकर जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

सारस्वत अतिथि अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है। पंचतत्वों का संतुलन जब तक बना रहेगा, तभी तक हम स्वस्थ रहेंगे। माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमें हमेशा से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती आई है।

# आजादी के बाद कांग्रेस ने रखी आधुनिक भारत की नींव, 70 सालों में तय की गौरव यात्रा

### विधायक प्रियव्रत सिंह ने गिनाई पंडित नेहरू से मनमोहन सिंह तक की उपलब्धियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जिला कांग्रेस कमेटी के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर आजादी के बाद भारत के विकास और 'भारत गौरव यात्रा' पर प्रमुखता से चर्चा की गई। विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने कहा कि 1947 में आजादी के बाद कांग्रेस ने देश की बागडोर संभाली और बड़े बांध, आईआईटी, इसरो, परमाणु अनुसंधान केंद्र और मेडिकल कॉलेज बनाकर आधुनिक भारत की नींव रखी। पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक, कांग्रेस के सभी प्रधानमंत्रियों ने देश के विकास में अहम योगदान दिया। उन्होंने 70 साल की इस गौरव यात्रा में बांग्लादेश के निर्माण जैसे ऐतिहासिक कदमों का भी विशेष रूप से उल्लेख किया।

निजी रिसॉर्ट में आयोजित शिविर के दूसरे दिन प्रदेश प्रभारी महेंद्र जोशी ने मंडल अध्यक्षों को क्षेत्र में 'ग्राम देवता' की तरह काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष नागरिकों की व्यक्तिगत और क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण कर अपनी अहम पहचान बनाएं। उन्हें संगठन के प्रति जवाबदार रहते हुए क्षेत्र की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के अनुसार शिविर के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने निर्धारित विषयों पर मार्गदर्शन दिया। प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल प्रभारी चंचलेश व्यास ने सोशल मीडिया की वर्तमान आवश्यकता और इसके माध्यम से जनता के मुद्दों को उठाने पर जोर दिया। मतदाता सूची के प्रदेश प्रभारी ललित सेन ने बूथ स्तर पर बीएल-1 व बीएल-2 की भूमिका समझाते हुए मतदाता सूची की विसंगतियों को दूर करने की जानकारी दी। इसी तरह कनेक्टिविटी के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने ब्लॉक, शहर और जिला अध्यक्षों के कार्यों से प्रदेश कार्यालय को नियमित रूप से अवगत कराने के निर्देश दिए।

### सिंहस्थ क्षेत्र में 50 किमी सीसी रोड बनाएगा यूडीए, नाली पर पेंच फंसा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र में 50 किमी की स्थाई सीसी रोड बनेगी। जो 24 मीटर (78.74 फीट) चौड़ी रहेगी। इसके लिए यूडीए अगले एक सप्ताह में निर्माण एजेंसी तय कर देगी। प्रस्तावित स्थानों पर सड़क निर्माण के लिए जगह चिह्नित करते हुए विभाग ने अधिग्रहण भी शुरू कर दिया है।

इधर, सड़क के साइड में पक्की नाली निर्माण का पेंच फंसा है।क्योंकि यह प्रस्ताव गत दिनों एमआईसी की बैठक में खारिज हो गया। इसी बीच नगर निगम ने अस्थाई सीवरेज, अस्थाई पेयजल पाइप व स्थाई भूमिगत टेंक बनाने का प्लान बना लिया। निगम की टीम ने इसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी।

62 करोड़ रुपए से पेयजल लाइन और 345 करोड़ से स्थाई भूमिगत टेंक बनाए जाना प्रस्तावित है। इधर, पेयजल के लिए डाली जाने वाली पाइप लाइन अस्थाई होने से संबंधित ठेकेदार वापस उक्त लाइन को निकाल सकेगा। इसी हिसाब से कम दरों पर यह टेंडर होगा। ऐसे में १६ मई को एमआईसी में रखे स्थाई सीवरेज व पक्की नाली निर्माण के मामले में नया पेंच आ गया। पक्की नाली निर्माण कौन बनाएगा। यह अभी तय नहीं हो सका। 50 किमी सीसी रोड निर्माण के लिए यूडीए ने 730 करोड़ रुपए का प्लान बनाया है।

# एक करोड़ पौधे लगाने के संकल्प के साथ गुरु आस्था परिवार ने बांटे पौधे, बच्चों ने दी 'मुझे मत काटो' की भावपूर्ण प्रस्तुति

### विक्रम विश्वविद्यालय के कुलगुरु सहित शहरवासियों ने लिया 108 से 1008 पौधे लगाने का संकल्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तपोभूमि प्रणेता आचार्य प्रज्ञा सागर के एक करोड़ वृक्ष लगाने के संकल्प को साकार करने के लिए राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद स्तर पर आयोजन किए। स्थानीय अटल अनुभूति गार्डन के बाहर संस्था द्वारा पौधे वितरित किए गए। इस अवसर पर आचार्य विद्यासागर पाठशाला लक्ष्मीनगर और शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के बच्चों ने भूषण जैन के निर्देशन में 'मुझे मत काटो' लघु नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु अर्पण भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं वृक्षारोपण का संकल्प पत्र भरते हुए सभी को जीवन में वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों पूर्व आचार्य प्रज्ञा सागर के सानिध्य में विश्वविद्यालय परिसर में हजारों पौधे लगाए गए थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अपने जीवन काल में कम से कम 108 और अधिकतम 1008 वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाकर फॉर्म भी भरवाए गए।

राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार द्वारा यह अभियान महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, कर्नाटक और राजस्थान सहित देशभर के कई हिस्सों में चलाया गया। आम जनता को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न स्थानों पर लघु नाटिकाएं प्रस्तुत की गईं। विदेश में भी गुरुदेव के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लंदन में सुनील जैन और उनके परिवार ने संकल्प पत्र भरा। पर्यावरण जागरूकता के लिए गुरु भक्तों ने अपने-अपने स्तर पर प्रयास किए। किसी ने हरे वस्त्र पहनकर तो किसी ने हाथों में मेहंदी से पर्यावरण के स्लोगन लिखकर लोगों को पार्कों में पेड़ों की देखभाल के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार के प्रांतीय अध्यक्ष संजय बड़जात्या ने किया तथा आभार प्रदर्शन मीडिया प्रभारी एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता सचिन कासलीवाल ने माना।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष स्नेहलता सोगानी, कोषाध्यक्ष सारिका जैन, प्रांतीय पदाधिकारी चंदा बिलाला, अंजू जैन, विनीता कासलीवाल, प्रज्ञा कला मंच अध्यक्ष रश्मि कासलीवाल, ज्योति जैन, नीलू बड़जात्या, शिल्पा चांदवाड़, कांता गंगवाल, सलोनी जैन, सोनिया जैन, निकिता लूहाड़िया, पूजा सोगानी, तपोभूमि परिवार के हितेश जैन, अनिल बुखारिया, गिरीश बिलाला, देवेंद्र सिंघई, सागर जैन, बसंत जैन, निर्मल सेठी, ओम जैन, सुरेश कासलीवाल, रत्नेश जैन और युवा प्रकोष्ठ के प्रांतीय महामंत्री पलाश लूहाड़िया सहित पाठशाला की शिक्षिकाएं व कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सिंहस्थ से पहले लगेंगे 10 हजार पौधे, महाराष्ट्र कुमावत समाज का संकल्प

### विश्व पर्यावरण दिवस पर महाकाल दर्शन करने पुणे से आए 40 से अधिक समाजजनों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का प्रण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वरिष्ठ पत्रकार स्व. मनोहर लाल कुमावत की स्मृति में मनोहरलाल कुमावत जागृति सेवा समिति के महाराष्ट्र प्रकल्प ने सिंहस्थ 2028 तक 10 हजार से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुणे से बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए 40 से अधिक कुमावत समाजजनों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए यह निर्णय लिया।

समिति के प्रधान संपादक शैलेन्द्र कुमावत ने बताया कि समाजजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की सराहना की। इन्हीं कार्यों से प्रेरणा लेकर महाराष्ट्र कुमावत समाज ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण अभियान को जनआंदोलन का रूप देने का निर्णय लिया है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाजबंधुओं ने आगामी सिंहस्थ तक 10 हजार पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जितेंद्र कुमावत, नोरतमल कुमावत, दिलीप परदेशी, रविंद्र कृष्णा नाईक, बापू परदेशी, शैलजा नाईक, सोनाली नाईक, दत्तात्रय परदेशी, मंगला परदेशी, अभिजीत परदेशी, कोमल परदेशी, अजित नाईक, माधुरी नाईक, कृतिका मंगटकर, पूजा, सागर नाईक, सतीश, आरिणी नाईक, नीता परदेशी, प्राजक्ता परदेशी, मीना परदेशी, शिवलाल बेलदार, दीपक नाईक, दत्तात्रय कुमावत, संतोष कुमावत, संध्या कुमावत, श्रावणी कुमावत, निरंजन कुमावत, साहिल नाईक, ओंकार नाईक, विट्ठल पिपुड़े, कमला पिपुड़े, स्वप्निल नाईक, योगेश नाईक, सुशील नाईक, दिनेश बैताड़े और चित्रा नाईक सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल में महाप्रबंधक व सांसदों की बैठक आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के मंडल कार्यालय स्थित समिति कक्ष में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय एवं माननीय सांसदों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक की शुरूआत माननीय जनप्रतिनिधियों के स्वागत से हुई। तत्पश्चात महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पश्चिम रेलवे तथा रतलाम मंडल में संचालित विभिन्न विकासा त्मक, संरक्षा एवं यात्री सुविधा संबंधी कार्यों की जानकारी दी। यह बैठक माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से रतलाम मंडल की उपलब्धियों, संरक्षा एवं सुरक्षा उपायों, यात्री सुविधाओं तथा अधोसंरचनात्मक विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मंडल में वर्तमान में चल रही प्रमुख परियोजनाओं एवं भविष्य की विकास योजनाओं से भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

माननीय सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों ने रतलाम मंडल द्वारा संरक्षा, सुरक्षा, यात्री सुविधाओं तथा रेलवे अधोसंरचना के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की। बैठक के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई, जिनमें इंदौरझ्रदाहोद नई रेल लाइन परियोजना, डॉ. अंबेडकर नगरझ्रओंकारेश्वर आमान परिवर्तन कार्य, इंदौर स्टेशन पुनर्विकास परियोजना, रतलाम इंदौर वाया फतेहाबाद मार्ग तथा उज्जैनझ्रफतेहाबाद खंड के दोहरीकरण, विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव, ट्रेनों के विस्तार, इंदौर एवं उज्जैन से नई रेल सेवाओं के संचालन तथा यात्री सुविधाओं से जुड़े अन्य विषय प्रमुख रहे।

माननीय सांसदों के इस बैठक में वर्ष 2028 में उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों पर भी विशेष चर्चा की गई। जन प्रतिनिधियों ने सिंहस्थ से संबंधित रेलवे परियोजनाओं एवं यात्री सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने हेतु सुझाव दिये गये। महाप्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय ने माननीय सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी विषयों एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों एवं मांगों पर नियमानुसार विचार कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों को यथाशीघ्र अवगत कराया जाएगा।

बैठक में माननीया केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, माननीय सांसद देवास श्री महेंद्र सिंह सोलंकी, माननीय सांसद इंदौर श्री शंकर लालवानी, माननीय सांसद खंडवा श्री ज्ञानेश्वर पाटिल तथा माननीय सांसद दाहोद श्री जसवंत सिंह भाभोर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त माननीय सांसद मंदसौर श्री सुधीर गुप्ता, माननीया सांसद रतलाम-झाबुआ श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, माननीय सांसद उज्जैन श्री अनिल फिरोजिया, माननीय सांसद चित्तौड़गढ़ श्री सी.पी. जोशी, माननीय सांसद भोपाल श्री आलोक शर्मा एवं माननीय राज्यसभा सांसद श्री सुमेर सिंह सोलंकी के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया।रेल प्रशासन की ओर से महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय एवं मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार के साथ पश्चिम रेलवे मुख्यालय के प्रमुख विभागाध्यक्ष, जिनमें प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (निर्माण), प्रमुख मुख्य इंजीनियर, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक तथा उप महाप्रबंधक (सामान्य) सहित रतलाम मंडल के विभिन्न विभागों के शाखाधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर (म.प्र.)

क्रमांक/राजस्व/2026/ 1656 — शाजापुर, दिनांक 05/06/26

### भवन/भूमि नामांतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण की जानकारी हेतु यह विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि नगरीय क्षेत्र शाजापुर के अन्तर्गत मकान/प्लाट आदि के लिए आवेदन पत्र म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अन्तर्गत प्रस्तुत किये गये है उक्त मकान/प्लाट के नामांतरण मे यदि किसी व्यक्ति य क संस्था को कोई आपत्ति हो तो मब्जुप 30 (तीस) दिवस तक में अपनी लिखित आपत्ति के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करे। निहित समयसीमा के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निम्नलिखित नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी। से समंधित है

| क्र. | आवेदन क्रमांक एवं नाम व पता | संपत्ति हस्तांतरणकर्ता का नाम | वार्ड क्र. / क्षेत्र | खसरा / प्लॉट | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37242/2026 उर्मिला पंचाल पति दिनेश पंचाल, दरगाह के पास, शाजापुर | सरपंच खेचराम जी पिता ममता पुष्पा, नगर कर्मपिता नगर, शाजापुर | 28, विजय नगर वार्ड | प्लॉट क्र. 1246/1/2 | रजिस्ट्री |
| 2 | 37243/2026 रेखा सोनी पति सचिन सोनी, सोमवारिया बाजार, शाजापुर | रघु निर्माण एवं असोसिएशन विकास मण्डल | 27, विजय नगर | खसरा क्र. 86 | रजिस्ट्री |
| 3 | 37244/2026 कोमलत्ता बाई पति शिवनारायण, ग्वाली मोहल्ला, शाजापुर | अमर कुमार पिता स्वर्गीय चैनी, शाजापुर | 26, कृष्णा कालोनी | प्लॉट क्र. 1265 | रजिस्ट्री |
| 4 | 37245/2026 गीरीश पचारास पिता रमेश पचारास, गाँधी नगर, शाजापुर | महेन्द्र कुमार पिता स्व0 केलाशचन्द पचारास | 20, शिवाजी नगर | प्लॉट क्र. 1993 | रजिस्ट्री |
| 5 | 37246/2026 जगतसिंह, पन्नालाल पुत्रगण स्व. हरिराम आदिय, रामबाग रोड, शाजापुर | मंगरु भाई मोदी भैरूभाई, ललित सिंह पिता भैरता कॉलोनी, जमीरा कॉलोनी, नायापुरा, शाजापुर | 11, रामबाग | खसरा क्र. 4 | फौजी नामे |
| 6 | 37247/2026 ब्रजवू सिंह हिम्मतसिंह पिता नारायण सिंह, | दिनेशचंद्र पिता शुक्लालदत्त नथमल शेठिया मीरा कॉलोनी, उज्जैन | 1, 8 के वार्ड | प्लॉट क्र. 277/11 | रजिस्ट्री |
| 7 | 37248/2026 संजीव टीराथ पिता स्व रामकेशर, बालादायी, शाजापुर | माया देवी पति जयतीप्रसाद, बालादायी, शाजापुर | 26, विजय नगर | प्लॉट क्र. 132/2 | रजिस्ट्री |
| 8 | 37249/2026 सुनील्कम पति मोहनलाल, कर्मति कॉलोनी, शाजापुर | कल्याणमई पति जगदेवसाल, उज्जैन | 25, कर्मति कॉलोनी | प्लॉट क्र. 190/मि/म 16 | रजिस्ट्री |
| 9 | 37250/2026 मीना कोटवाली पति धनश्याम, जयोपुरा, शाजापुर | अजय, डॉ आनंद आर्यापुत्र पुत्रगण स्व. प्रभाकर सराफ, उज्जैन | 24, महात्मा गाँधी नगर | खसरा क्र. 161 | रजिस्ट्री |
| 10 | 37251/2026 जगदीश आंतले पिता स्व. शंकर आंतले, जाकिर हुसैन मार्ग, शाजापुर | जाकिर अली पिता ताजुव अंसारी, सरपोटा, शाजापुर | 7, जाकिर कॉलोनी | खसरा क्र. 116 | रजिस्ट्री |

प्रेम जैन
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद शाजापुर

दिनेश सोलंकीय
पार्षद
राजस्व एवं वित्त लेखा

मुकेश कुमार दीक्षित
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर

# नेपानगर पुलिस ने अवैध हथियार फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

## भारी मात्रा में उपकरण और अर्धनिर्मित पिस्टल जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

नेपानगर थाना पुलिस ने हाल ही में ग्राम पाचौरी के जंगल क्षेत्र में दबिश देकर एक अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार बनाने के उपकरण और अर्धनिर्मित पिस्टल जब्त की है।

यह कार्रवाई आरोपी बंटी उर्फ ब्रजेश दावरे, 46, निवासी ई-टाइप नेपानगर, से पूछताछ के बाद की गई। नेपानगर पुलिस ने ब्रजेश को एक देशी पिस्टल और धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। उसकी स्विफ्ट कार से गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके घर पर दबिश दी, जहां से एक और पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गहन पूछताछ की गई।

पूछताछ में ब्रजेश ने बताया कि उसे हथियार और कारतूस अजीतसिंह उर्फ डेडिया, निवासी धुलकोट, थाना भगवानपुरा, ने दिए थे। इस जानकारी के बाद संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम पाचौरी के जंगल क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस को देखकर अवैध हथियार बना रहे आरोपी अजीतसिंह और ठाकुर पिता बराडसिंह मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने मौके से एक अर्धनिर्मित देशी पिस्टल, दो मैगजीन, एक बैरल, दो ग्राइंडर मशीन, एक ड्रिल मशीन,



दो ब्लोअर, हथौड़ा, छेनी, रेती, प्लास, कटिंग ब्लेड और अन्य हथियार बनाने के उपकरण भारी मात्रा में जब्त किए। फरार आरोपियों अजीतसिंह और ठाकुर के खिलाफ भी मामला दर्ज कर उनकी तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने अवैध हथियार तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी के तहत थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव और थाना प्रभारी नेपानगर ज्ञानू जायसवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। आरोपी बंटी दावरे से पूछताछ के दौरान मिले अहम खुलासों के आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई की।

एसपी आशुतोष बागरी ने कहा कि जिले में अवैध हथियार का नेटवर्क तोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ अवैध हथियार तस्करों द्वारा पुलिस कार्रवाई के दौरान लोगों को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे भीड़ पुलिस कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करे। इस प्रकार की गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बिना अनुमति चना ले जा रहे वाहन पर कार्रवाई, 19 हजार का जुर्माना

मन्दसौर। कृषि उपज मंडी मंदसौर के निरीक्षण दल ने मंडी क्षेत्र में नियमित जांच के दौरान बिना वैध अनुज्ञा (परमिशन) के कृषि उपज का परिवहन करते हुए एक वाहन को पकड़ा है। निरीक्षण के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 14 जीबी 0842 को रोककर जब जांच की गई, तो उसमें लगभग 50 क्विंटल चना भरा हुआ पाया गया। संबंधित व्यक्ति द्वारा मौके पर आवश्यक अनुज्ञापत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण मंडी दल ने पंचनामा तैयार कर मामला दर्ज किया। इस पूरी कार्रवाई के तहत नियम उल्लंघन पर पांच गुना शुल्क राशि 14 हजार 250 रुपए, निराश्रित शुल्क 2 हजार 850 रुपए और समझौता शुल्क 2 हजार रुपए सहित कुल 19 हजार 100 रुपए की राशि मौके पर जमा कराई गई।

## विधायक व नपाध्यक्ष ने पौधारोपण कर की नपा के वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा जवाहर नगर स्थित वीनू वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, नपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चौपड़ा, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया, मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव, पूर्व नपाध्यक्ष श्री राकेश पप्पू जैन, वार्ड पार्षद श्री जिनेंद्र मेहता सहित अन्य उपस्थितजनों ने पौधारोपण कर पौधों की सुरक्षा हेतु ट्रिगार्ड लगाये एवं पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। पर्यावरण दिवस 5 जून को प्रातः 8 बजे विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह यादव आदि जवाहर नगर स्थित वीनू वाटिका पहुंचे और वहां विभिन्न प्रजातियां का पौधा रोंपकर शहर के नागरिकों से एक पौधा मां के नाम लगाते हुए शहर को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण की रक्षा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि श्री निलेश पाटीदार, पार्षद किरण शर्मा, दुर्गा शंकर भील, विनीत पाटनी, रामलाल ग्वाला, एल्डरमेन- शांतिलाल गुप्ता, अरुणा तलरेजा, श्याम गुर्जर, भूपेंद्र गौड़, राकेश परिहार, कन्हैयालाल शर्मा, टेकचंद बुनकर, प्रवीण आर्य, बगीचा शाखा प्रभारी महावीर जैन, भाजपा कार्यकर्ता एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## पी.जी. कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मन्दसौर।** शासकीय स्ना. महा विद्यालय मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना और च्मेरा युवा भारतज के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। एनएसएस के जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया और परिसर को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत की प्रभारी मुस्कान जैन ने भी युवाओं से जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# खरगोन पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपी के विरुद्ध की कार्यवाही



ब्रह्मास्त्र ›› सनावद

थाना बेड़िया पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर 70 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती लगभग 7 हजार रुपये को जप्त कर कार्यवाही की गई है । दिनांक4 जून को थाना बेड़िया पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक व्यक्ति मोटरसायकल से अवैध शराब लेकर चितावद रोङ नहर के रास्ते से ग्राम भुलगांव से होकर निकालने वाला है ।

मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना बेड़िया टूआईसी उनि हरिप्रसाद पाल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया व मुखबिर की सूचना से पुलिस टीम को अवगत करवा कर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने हेतु मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर चितावद रोङ नहर के रास्ते से निकालने वाले वाहनों पर नजर रखी गई व मोटर साइकल के आने का इंतजार किया गया । थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को मुखबिर के बताए अनुसार हुलिये का व्यक्ति मोटरसायकल से आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर रोका । रोके गए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राहुल निवासी ग्राम सोलना गोगावां का होना बताया ।

# पौधा रोपण कर उनकी देखभाल बच्चों की तरह करना आवश्यक- प्रदीप उपाध्याय

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

प्रतिवर्ष पर्यावरण दिवस पर पौधे लगाकर इतिश्री ना करते हुए उनका पालन पोषण अपने बच्चों की तरह करना होगा तभी वह पेड़ बनकर पर्यावरण सुधार में लाभदायी सिद्ध होंगे।

उक्त उद्गार भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने त्रिवेणी स्थित मानस भवन में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होने कहा कि जिले के 1399 बूथों पर पार्टी द्वारा आज से पौधा रोपण किया जायेगा तथा उनकी देखभाल प्रतिदिन की जाकर उन्हे पेड़ बनाया जायेगा।

निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम द्वारा 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से पौधा रोपण की शुरूआत की जाकर नगर के प्रत्येक क्षेत्र में पौधा रोपण किया जाता है। निगम द्वारा रोपे गये पौधो का पालन पोषण करना क्षेत्र के नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि हमें इस धरती पर जीवित रहना है तो हमें पर्यावरण की रक्षा करना होगी क्योंकि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो ही हम व इस धरती के मानव व अन्य प्राणी जीवित रह पायेगें।

पर्यावरण विद् डॉ. खुशालसिंह पुरोहित ने बताया कि पर्यावरण को सहेजने की शुरूआत 1972 में हुई थी तब से लगातार 5जून को विश्व पर्यावरण दिवस निरंतर मनाया जा रहा हैं। पर्यावरण सुधार हेतु पेड़ लगाना तो आवश्यक है ही साथ ही उर्जा व पानी की भी बचत करना होगी। उन्होने रतलाम की जनता को पर्यावरण प्रेमी बताते हुए आशा व्यक्त की कि संकल्प के साथ नगर का प्रत्येक नागरिक पौधा रोपण कर उसे पेड़ बनायेगा।

मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर ने इस अवसर पर नागरिकों को एक पेड़ मॉं के नाम के तहत पौधा रोपण कर उसे सहेजने का आव्हान किया ताकि रतलाम नगर हरियाली से आच्छदित हो।

स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन समिति प्रभारी एवं क्षेत्रिय पार्षद विशाल शर्मा ने बताया कि रतलाम नगर को हरियाली से आच्छदित करना आवश्यक हो गया है क्योंकि इस वर्ष नगर के नागरिकों को अत्याधिक गर्मी का सामना करना पड़ा है।

## वेरे मजदूर संघ द्वारा 12 सूत्री मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा

**रतलाम।** 5 जून को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री रामाश्रय पांडे के रतलाम दौरे पर वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ द्वारा मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं मंडल अध्यक्ष प्रताप गिरी के नेतृत्व में महाप्रबंधक प.रे. श्री पांडे का महाकाल का दुपट्टा उड़ाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। मंडल प्रवक्ता गौरव दुबे ने बताया स्वागत के पश्चात डीआरएम श्री अश्विनी कुमार जी के मौजूदगी में 12 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया/ रतलाम मंडल में रिक्त पदों की पूर्ति करने के संबंध में। रतलाम मंडल में रेलवे की नई संरचनाओं एवं बड़े हुए ट्रैक एवं ओ.एच.ई के लिए नए पदों को स्वीकृत करने विषयक। पश्चिम रेलवे के अन्य मंडलों से रतलाम मंडल हेतु कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने के संबंध में । पश्चिम रेलवे में विभागीय पदोन्नति परीक्षाए (जी.डी.सी.ई) के आयोजन के संबंध में । सीबीटी परीक्षा का आयोजन प्रत्येक माह/दो माह की निश्चित दिनांक को आयोजन करने के संबंध में । पालनपुर (अहमदाबाद मंडल) में अस्थाई स्थानांतरित रतलाम मंडल के लोको पायलट एवं सहा.लोको पायलट को पुनः रतलाम मंडल हेतु स्थानांतरित करने के संबंध में ।

## बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मंदसौर के खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक

**मन्दसौर।** एसीडी मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स क्लब मंदसौर के खिलाड़ियों ने द्वितीय मध्यप्रदेश राज्य किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। टीम ने प्रतियोगिता के 24 अलग-अलग वर्गों में हिस्सा लेकर कुल 21 पदक अपने नाम किए। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। पदक विजेताओं में हृदान सिंह राठौर, हितांशी मालोदे और आदित्य गुप्ता ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि दिव्यांशी कोड़त और शिवांश कुमावत ने स्वर्ण व रजत दोनों पदक हासिल किए। इसके अलावा याशिका खोकर, क्रति सेठिया ने रजत पदक और कायरा सिंह, खुशवंत सिंह, नित्या गुप्ता, खुशी तोमर, अंशुल राठौर, मुग्धा प्रभुणे, अनाया व अनुकूल सांखला ने कांस्य पदक जीते। आरव गेंगरा और अभिश्री पाटीदार को उनके बेहतरीन प्रयास के लिए विशेष सम्मान मिला। आदित्य चनाल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए

## कृति का निःशुल्क चित्रकला प्रशिक्षण शिविर पांचवें दिन भी जारी रहा

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच।

कृति संस्था के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर निरंतर पांचवें दिन नई कला प्रशिक्षण के साथ जारी रहा द्य शुक्रवार को प्रशिक्षकों द्वारा शिविर में प्रशिक्षण ले रहे बच्चों को ग्लासपेंटिंग का विशेष प्रशिक्षण के साथ ही पेपर आर्ट फ्लोवरिंग का भी प्रशिक्षण दिया गया द्य शिविर में अतिथि के रूप में आज श्री वीरेंद्र जी दुबे सुर संगम नीमच बच्चों का उत्साहवर्धन करने पधारे। अतिथि का स्वागत का शिविर संयोजक श्री जीवन कौशिक और सचिव रघुनन्दन पाराशर ने किया । आज 45 बच्चे उपस्थित रहे। प्रशिक्षक श्री दीपक भट्ट , सुश्री ज्योतिका अग्रवाल, श्रीमती रचना ओझा, व अश्मिका ।संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, कमलेश जायसवाल,राजेश जायसवाल कोषाध्यक्ष , रघुनंदन पाराशर सचिव , श्याम टांकवाल सहसचिव , किशोर जेवरिया, भरत जाजू , गणेश खंडेलवाल, ,प्रकाश भट्ट,जीवन कौशिक, घनश्याम अम्ब श्रीमती आशा साम्भर ,शरद पाटीदार उपस्थित रहे। बच्चों ने कल्पनाशीलता के साथ नई विद्या के प्रशिक्षण में विशेष रुचि दिखाई और प्रशिक्षकों के समक्ष पूर्ण कर प्रस्तुत की गई द्य अंत में बच्चों कोस्वल्पाहार श्री प्रकाश भट्ट द्वारा श्री वीरेंद्र दुबे जी के सहयोग से करवाया गया । शिविर अपने अंतिम दौर में दो दिन और जारी रहेगा।

# वन विभाग ने 4 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर।

वन विभाग ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए परिक्षेत्र मंडलेश्वर की बीट चोली के कक्ष क्रमांक ३५ में अवैध कब्जे के प्रयास को विफल कर करीब 4 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। यह कार्रवाई उपवनमंडल मंडलेश्वर के द्वारा समस्त स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी बहादर पिता मिश्रीलाल सहित दो अन्य व्यक्तियों द्वारा वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर खेती की तैयारी की जा रही थी।

विभाग ने अतिक्रमण रोधी खंतियां खोदकर कब्जे के प्रयास को नाकाम कर दिया। कार्रवाई में मंडलेश्वर, बलवाड़ा, काकड़दा और पाडल्या रेंज का स्टाफ शामिल रहा।एसडीओ फॉरेस्ट के-के निनामा ने बताया कि बहादर आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के पांच वन अपराध पहले से दर्ज हैं। पूर्व में भी कई बार उसके अतिक्रमण के प्रयासों को विफल किया जा चुका है। इस बार भी वह वन विभाग के प्लांटेशन क्षेत्र के भीतर वन भूमि पर खेती करने की तैयारी कर चुका था।वन भूमि से बेदखली का आदेश डीएफओ बड़वाह द्वारा जारी किया गया था। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। वन विभाग द्वारा 1 अप्रैल के बाद से अतिक्रमण विरोधी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस दौरान सिरसिया में 5 हेक्टेयर, नवरंगपुरा में 4 हेक्टेयर, चोली में 4 हेक्टेयर तथा भकलाय में 1.5 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जा चुकी है। विभाग के अनुसार मंडलेश्वर रेंज की चार बीटों में अब तक 8 लोगों से 15 हेक्टेयर वन भूमि मुक्त कराई

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सब जेल में पौधारोपण किया

मंडलेश्वर । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन सब जेल मंडलेश्वर किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा बंदियों को कानून संबंधी जानकारी देते हुए प्लीबारगेनिंग एवं उनके अधिकारों के बारे में बताया। उन्होने बंदियों से उनके अधिवक्ता है अथवा नहीं की जानकारी ली तथा जिनके अधिवक्ता नहीं है वह विधिक सहायता से निःशुल्क अधिवक्ता ले सकते है

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मेक्रो विजन एकेडमी और हॉस्पिटल में पौधारपण किया

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान मेक्रो विजन एकेडमी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के प्रमुख ऑल इज वेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल परिसर में भव्य वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। दोनों संस्थानों के बगीचों और परिसरों में पर्यावरण संतुलन बढ़ाने के उद्देश्य से सैकड़ों छायादार और औषधीय पौधे लगाए गए। उपस्थित लोगों को पौधों के संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।




मेक्रो विजन एकेडमी के बगीचे में आयोजित कार्यक्रम में सभी शिक्षक और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिसर की हरियाली बढ़ाने के लिए कैरी, जामुन, नींबू, अमरूद, चीकू और आम के पौधे रोपे गए। सभी शिक्षकों ने च्ग्रीन कैंपसज का संकल्प लिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना जागृत करना है।

अस्पताल परिसर में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और प्रबंधकीय टीम ने मिलकर पौधारोपण किया। जन-स्वास्थ्य और स्वच्छ हवा के महत्व को देखते हुए तुलसी, गिलोय, एलोवेरा जैसे औषधीय पौधों को प्राथमिकता दी गई।

वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण ही आधी बीमारियों का इलाज है, इसलिए अस्पतालों के आसपास हरित पट्टी होना जरूरी है। अभियान की खास बात यह रही कि लगाए गए प्रत्येक पौधे को जीवित रखने और नियमित देख रेख की जिम्मेदारी अलग-अलग कर्मचारियों को सौंपी गई है, ताकि ये पौधे भविष्य में विशाल वृक्ष बन सकें।

## खबर एक नजर...





### तिरुपति बालाजी में त्रिवेणी का रोपण

सनावद। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर लायन अनिता जैन एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष भागचंद जैन ने सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल तिरुपति बालाजी मंदिर के उपवन में त्रिवेणी पीपल,बरगद और नीम का रोपण किया। जैन दंपति ने मंदिर में दर्शन कर निमाड़ क्षेत्र की सुख,शांति और समृद्धि की कामना की।तत्पश्चात त्रिवेणी का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। लायंस क्लब सनावद स्नेह के सभी मेबर्स ने एवं लायन अनिल अर्जरे लायन दातार एवं सजय आर्य ने भी सनावद मैं पौधा रोपण किया एवंने सभी ने बधाईया दी।

### युथ कांग्रेस की विधानसभा स्तरीय बैठक आज

आलोट। युथ कांग्रेस आलोट विधानसभा की आगामी कार्यक्रमों एवं योजनाओं व संगठन सम्बंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कल दिनांक ६ जुन २०२६ शनिवार को दोपहर १ बजे स्थानीय अंबेडकर भवन नगर परिषद आलोट पर रखी गई है। बैठक में यूथ कांग्रेस रतलाम जिला प्रभारी स्वीटी पाटिल एवं यूथ कांग्रेस रतलाम जिला अध्यक्ष मयंक जाट युथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष रविराज सिसोदिया जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह परिहार आलोट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभिनव निगम शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जी पांचाल।आदी के आतिथ्य में यह बैठक संपन्न होगी।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता का संकल्प लेकर पौधारोपण किया

आलोट। विश्व पर्यावरण दिवस पर श्री महावीर विद्यालय आलोट में शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने प्रतीकात्मक रुप से स्वच्छता कर अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने शिक्षकों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य के साथ नगर परिषद दल भी स्वच्छता संदेश देने पधारें।इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य मनोज शर्मा, शिक्षक शिक्षिकाएं नवीन खेतरा ,वीरेंद्र सिंह पंवार,सत्यनारायण शर्मा, प्रेमनारायण गायरी , लता शर्मा, वीणा गानू, पंकज शर्मा के के कलसई,दशरथ शर्मा , समस्त स्टाफ एवं कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

### निकाय स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

बड़वानी। नगर पालिका परिषद बड़वानी में गुरुवार को निकाय स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नगर क्षेत्र में पशु नियंत्रण एवं एबीसी (एनीमल बर्थ कन्ट्रोल) सेंटर के संचालन एवं प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए विभिन्न कार्ययोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग परिसर में हुआ पौधारोपण

मंडलेश्वर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर में वन विभाग मंडलेश्वर द्वारा रेंज कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) विमला मुवेल के नेतृत्व में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।रेंजर विमला मुवेल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं, बल्कि मानव जीवन, वन्यजीवों एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आग्रह किया।

### पुल के नीचे गिरा प्याज से भरा ट्रक, चालक और क्लीनर की मौत

**मन्दसौर।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर मंदसौर जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रक चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना ग्राम बर्डिया अमरा के पास उस समय हुई जब दिल्ली से प्याज लेकर मुंबई की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया और एक्सप्रेसवे की रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे पुल के नीचे जा गिरा। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटना का संभावित कारण चालक को नींद की झपकी आना माना जा रहा है, जिसके चलते वाहन से नियंत्रण खो गया, हालांकि पुलिस जांच के बाद ही वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों में बढ़ोतरी के खिलाफ फूटा जन-आक्रोश, विद्युत कार्यालय का किया घेराव

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में नए स्मार्ट मीटर लगाने के बाद से उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित और बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है, जिसके विरोध में शुक्रवार को मंदसौर के नागरिकों ने जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में स्टेडियम मार्केट स्थित विद्युत विभाग कार्यालय का घेराव कर जनआंदोलन के रूप में आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान आंदोलनकारियों ने बढ़े हुए बिजली बिलों को तुरंत वापस लेने और जनता को इस आर्थिक व मानसिक प्रताड़ना से मुक्ति दिलाने की पुरजोर मांग की।

नागरिकों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, शहर में जब से स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, तब से उपभोक्ताओं के बिलों में अचानक भारी उछाल आया है। जबकि उपभोक्ताओं की बिजली खपत और उपकरण पहले जितने ही हैं। जनता का आरोप है कि जब घरों में कोई नहीं होता या सभी लाइटें और उपकरण बंद होते हैं, तब भी ये स्मार्ट मीटर तेजी से चलते रहते हैं, जिससे इसकी कार्यप्रणाली और रीडिंग प्रणाली में बड़ी तकनीकी गड़बड़ी होने का साफ संदेह होता है। भारी-भरकम बिल वसूलने के बावजूद मंदसौर शहर में आए दिन बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे इस भीषण गर्मी और उमस के मौसम में बच्चों, बुजुर्गों, बीमारों और व्यापारियों का जीना मुहाल हो गया है।

इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने स्मार्ट मीटरों की जांच करने व अघोषित कटौती अनिवार्य न हो तो उसे तुरंत बंद करने की बात कही।

जिला पंचायत सदस्य श्री गुर्जर ने कहा कि यदि किसी भी नागरिक का बिजली बिल उनकी अनुमानित वास्तविक खपत से ज्यादा आया है, तो वे तुरंत अपने नजदीकी विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर लिखित में अपनी आपत्ति व शिकायत अवश्य दर्ज करवाएं। उन्होंने चेताया कि विद्युत मंडल का कार्य जनता को सहूलियत देना है, न कि उन्हें आर्थिक संकट और अंधेरे में डालना। इस दौरान रूपल संचेती, योगिता बैरागी, सुधा फरक्या, संतोष मोदी, आशा सेठिया, शकुंतला फरक्या, महेश मोदी, हंसा माली, सावित्रीदेवी, अनुपम त्रिपाठी सहित अनेक प्रभावित विद्युत उपभोक्ता उपस्थित थे।

## पौधारोपण, संरक्षण की शपथ दिलाई

**मन्दसौर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंदसौर के नगर वन में च्एक पेड़ मां के नामज अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर अदिती गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन और वन मंडल अधिकारी संजय रायखरे सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया और संयुक्त रूप से नीम, बरगद, शीशम, आम व करंज के पौधे रोपे। इस अभियान में खेल विभाग के खिलाड़ियों और स्थानीय विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कुआँ बावड़ी की पूजन कर सफाई की



**जावरा ।**-जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर समिति अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन के माध्यम से ग्राम रिंगनोद में विश्व पर्यावरण दिवस पर बावड़ी की सफाई और पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक युवराज सिंह पंवार ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जल संरक्षण ओर प्राचीन बावड़ियां हमारी धरोहर हे जिन्हें हम सबको मिल कर स्वच्छ और निर्मल रखना चाहिए । पर्यावरण के घटक पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं क्योंकि उनसे हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है, जो जीवन का आधार है। साथ ही पेड़-पौधों से फल, फूल, छाया एवं अनेक प्रकार की औषधियाँ प्राप्त होती हैं। अटल ग्राम विकास सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अभय कोठारी ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने, जल संरक्षण करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के समाज सेवी वीरेंद्र सिंह चौहान, धीरेन्द्र श्रीमाल, यादवेन्द्र सिह, मांगु सिह, अनारसिह एवं अन्य समाज सेवी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाबडी के संरक्षण कर्ता रविन्दर्सिह श्रीमाल का पुष्पमाला एवं दुपट्टे से सम्मान किया।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ माँ के नाम लगाने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› जावरा ।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, जल स्त्रोतों के संवर्धन तथा हरित आवरण बढ़ाने के प्रति जनजागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उपलाई द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के तहत पौधारोपण किया। उपस्थित लोगों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधे रोपकर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की गई। पंचायत विभाग के अधिकारियों ने पौधों के महत्व एवं उनके संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। साथ ही ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। समिति अध्यक्ष महेश गोवरिया ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण को शुद्ध करता है, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उपलाई सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह सोलंकी, उपसरपंच चम्पालाल राठौर, सचिव विश्वराज सिंह राठौर, पंच बृजपाल सिंह सोलंकी , उपाध्यक्ष रविराज सीह सोलंकी सदस्य, हरिराम परमार, बबलु मेहता, प्रभु बोड़ाना,दिनेश राठोड़, अर्जुन धाकड़ ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ऊर्जा मंत्री ने खिमला में निर्माणाधीन ग्रीनको पम्प हाईड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

प्रदेश के नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने गुरुवार को पतनीमच जिले की रामपुरा तहसील के ग्राम पतखिमला में निमार्णाधीन पतग्रीनको हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया।

निर्माण कार्यों का लिया जायजाः मंत्री श्री शुक्ला ने प्रोजेक्ट साइट पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की प्रगति, तकनीकी पहलुओं एवं सुरक्षा मानकों का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने ग्रीनको प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों से निर्माण की वर्तमान स्थिति, निर्धारित समय-सीमा एवं भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। मंत्री श्री शुक्ला ने ग्रीनको परिसर में आयोजित बैठक में पावर प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रोजेक्ट के निर्माण की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। प्रोजेक्ट के अधिकारियों से चर्चा कर, आवश्यक निर्देश भी दिए। गुणवत्ता और समय-सीमा पर जोरः मंत्री श्री शुक्ला ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। यह प्रोजेक्ट प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा और इससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। अधिकारी रहे उपस्थितः इस अवसर पर एसडीएम सुश्री किरण आजना जिला अक्षय अधिकारी श्री राजेन्द्र गोयल नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के क्ररूस्त्र से श्री अनिश कंसाना व श्री पंकज तिवारी , अक्षय ऊर्जा विभाग के श्री राठौर, लोक निर्माण, राजस्व एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तथा ग्रीनको प्रोजेक्ट से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि खिमला में निर्माणाधीन यह ग्रीनको पम्प हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट प्रदेश के महत्वपूर्ण पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स में से एक है।

## चेक बाउंस मामले में गोवर्धन बादलानी को 6 माह की सजा

**जावरा ।** चेक बाउंस के मामले में काका मेडिकल के संचालक गोवर्धन पिता बुलचंद बादलानी को कोर्ट ने 6 माह की सजा सुनाई ।आरोपी को ब्याज सहित राशि 5 लाख 88 हजार रुपए परिवादी को देने का आदेश दिया। श्री संयुक्त जैन साख सहकारिता मर्यादित संस्था के अध्यक्ष भूपेन डांगी ने बताया कि मेडिकल संचालक गोवर्धन बादलानी ने संस्था की शर्तों पर लोन प्राप्त किया था । आरोपी ने 3 लाख 38 हजार 700 सो रूपए का चेक दिया था जो मैंने बैंक में प्रस्तुत किया तो वहां से अप्राप्त निधि होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पारिवादी की तरफ से श्रेणीक सकलेचा एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय ने दस्तावेजों के आधार पर आरोपी गोवर्धन बादलानी निवासी जावरा को न्यायाधीश दिलीप पाटिल ने दोनों पक्षों को सुना तथा अपने निर्णय में आरोपी गोवर्धन बादलानी को दोषी मानते हुए 6 माह का कारावास एवं ब्याज सहित राशि जमा करने का आदेश दिया।

## लापता बालिका का शव कुएं में मिलने पर फूटा गुस्सा, हाईवे पर किया चक्काजाम



ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

पिछले दो दिनों से लापता ग्राम आक्या निवासी एक 14 वर्षीय बालिका का शव गुरुवार रात गांव के ही एक कुएं से बरामद होने के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। शुक्रवार दोपहर को पीड़ित परिजनों और समाज के लोगों ने महू-नीमच फोरलेन हाईवे स्थित सरसोद फंटे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए मौके पर एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल, एसडीएम शुभम पाटीदार, ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल सहित पुलिस पहुंचा तथा समझाइश के बाद करीब 2 घण्टे बाद चक्काजाम हटवाया गया। चक्काजाम से 3-4 कि.मी. तक जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी अनुसार परिजनों ने एक युवक अनिल मालवीय पर बहला-फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म और हत्या करने का आरोप लगाया है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। आरोपी की निशानदेही पर ही कुएं का पानी खाली कराकर शव निकाला गया था। इसके अलावा, शव को जिला अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस या पुलिस वाहन के बजाय ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग करने पर भी परिजनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति भारी नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारी अब आरोपी के मकान पर बुलडोजर चलाने और सभी दोषियों को सख्त सजा देने की मांग कर रहे थे।

## नीमच जिले की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता होंगी

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

नवल सिंह सिसोदिया का स्थानांतरण नीमच के एएसपी नवल सिंह सिसोदिया को यहां से स्थानांतरित कर अब 'उप सेनानी, ९वीं वाहिनी वि.स.बल, रीवा' के पद पर पदस्थ किया गया है।हेमलता अग्रवाल होंगी नई एएसपीः पूर्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अजाक, उज्जैन के पद पर तैनात रहीं। श्रीमती हेमलता अग्रवाल को नई जिम्मेदारी देते हुए नीमच का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बनाया गया है ।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | हे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ज | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | वी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ब्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....
0000000000
पिता - मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....
0000000000
लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ

लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं,
आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...
0000000000
लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा
मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## आवारा कुत्ते के लिए भिड़े दो देश:मेक्सिको ने इसे अपना बताया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्राजील**

ब्राजील और मेक्सिको के बीच इन दिनों भूरे रंग के एक अवारा कुत्ते को लेकर विवाद छिड़ गया है। इसका नाम कैरामेलो है। ब्राजील के लोग इस कुत्ते को देश की पहचान मानते हैं। उनका कहना है कि ब्राजील में कैरामेलो उतना ही खास है जितना फुटबॉल और सांबा संगीत।

मेक्सिको ने इसी साल अप्रैल में कैरामेलो को स्थानीय नस्ल घोषित कर दिया जिसके बाद यह विवाद शुरू हुआ। मेक्सिको के इस फैसले ने ब्राजील में नाराजगी पैदा कर दी। कई ब्राजीलियाई लोगों को लगा कि उनकी सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा उनसे छीना जा रहा है। वैज्ञानिक दृष्टि से कैरामेलो किसी एक शुद्ध नस्ल का कुत्ता नहीं है। ब्राजील की जेनेटिक्स कंपनी उ्रब्अ पेट्स की स्टडी के मुताबिक, यह 300 से ज्यादा विदेशी नस्लों के कुत्तों के मिश्रण से बना है। यह किसी एक समय पर विकसित की गई नस्ल नहीं, बल्कि कई पीढ़ियों में सैकड़ों नस्लों के प्राकृतिक मिश्रण से बना कुत्ता है। कैरामेलो नाम इन कुत्तों के हल्के भूरे या टॉफी जैसे रंग की वजह से पड़ा है। ब्राजील में इन कुत्तों की लोकप्रियता इतनी ज्यादा है कि इन पर मीम बनते हैं, टी-शर्ट छपती हैं, वायरल गाने बनाए जाते हैं और कार्निवल परेड में इनके सम्मान में झांकियां तक निकाली जाती हैं।

### अमेरिका ने ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए

# ईरान ने कहा है कि नए युद्ध की शुरूआत नहीं करना चाहता, लेकिन हमला हुआ तो पूरी ताकत से जवाब देगा



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान**

ईरान ने कहा है कि वह किसी नए युद्ध की शुरूआत नहीं करना चाहता, लेकिन उस पर हमला हुआ तो वह पूरी ताकत से जवाब देगा।

ईरानी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान का रुख पूरी तरह स्पष्ट है। देश पर किसी भी तरह का हमला या दबाव डाला गया तो तेहरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा। उधर, ट्रम्प प्रशासन ने ईरान के ऊर्जा और बैंकिंग सेक्टर को निशाना बनाते हुए नए प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा कि उसने ऐसे नेटवर्क पर कार्रवाई की है, जो दक्षिण और पूर्वी एशिया में करोड़ों डॉलर मूल्य की ईरानी छढक्र बेच रहा था। अमेरिका का आरोप है कि ईरानी गैस को जानबूझकर ओमान की बताकर बेचा जा रहा था, ताकि उसकी असली पहचान छिपाई जा सके। कुल 12 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाए गए हैं।

इनमें 5 कंपनियां मार्शल आइलैंड्स, 4 संयुक्त अरब अमीरात (वअए) और 1 चीन में स्थित हैं। इसके अलावा 6 जहाजों पर भी कार्रवाई की गई है, जिनमें 4 पनामा-फ्लैग्ड टैंकर शामिल हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर अमेरिका-ईरान डील होती है तो वे ईरान के सुप्रीम लीडर से मिलने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ईरान से एनरिच्ड यूरेनियम लेने के लिए सेना भेजने पर विचार हुआ था, लेकिन ज्यादा जोखिम होने के कारण प्लान रद्द कर दिया गया।

### ट्रम्प बोले- भारत ने दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया:अब हम टैरिफ से खूब कमा रहे, फिर भी डील करेंगे क्योंकि मुझे मोदी पसंद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है।

ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है, क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं।

ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके।

भारत के वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि बातचीत सकारात्मक रही है और दोनों देश ऐसा समझौता करना चाहते हैं जिससे भारत और अमेरिका, दोनों को फायदा हो। यानी दोनों पक्ष अभी भी व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल भी खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं।

## सहारा रेगिस्तान में ट्रक फंसा, प्यास से 49 लोगों की मौत



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नाइजर**

नाइजर के सहारा रेगिस्तान में प्यास से कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई। बीबीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक जिस ट्रक में वे यात्रा कर रहे थे, वह रास्ते में खराब हो गया था। यात्रियों ने कई दिनों तक इसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन वे इसमें कामयाब नहीं हो पाए। यह ट्रक माली के हारौबा शहर से रवाना हुआ था, जो नाइजर सीमा से 300 किलोमीटर से अधिक दूर है। वे एक मुस्लिम धार्मिक उत्सव में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। यात्रा के दौरान उनका ट्रक खराब हो गया। वे रेगिस्तान के ऐसी जगह फंस गए थे जहां बेहद ज्यादा तापमान होता है। वहां पानी और बाकी जरूरी सामान मिलना बहुत मुश्किल होता है। ऐसी जगह फंस जाने के कारण उनके पास मौजूद पानी खत्म हो गया। इस हादसे में केवल दो लोग बच पाए। उन्होंने किसी तरह रेगिस्तान पार कर नजदीकी शहर असामाका तक पहुंचने में सफलता हासिल की और वहां अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जब बचाव दल मौके पर पहुंचा तो ट्रक के नीचे और उसके आसपास दर्जनों शव पड़े मिले।

बचाव टीम ने मृतकों के शवों को सामूहिक कब्र में दफना दिया। घटनास्थल से लौटते समय बचाव दल को एक और खराब ट्रक मिला। इस ट्रक में 60 से अधिक लोग सवार थे, जो बैटरी खराब होने के कारण पिछले तीन दिनों से रेगिस्तान में फंसे हुए थे।

# गिलगित-बाल्टिस्तान में चुनाव से भारत नाराज, कहा- इससे अवैध कब्जा वैध नहीं होगा

**भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान में 7 जून को होने वाले विधानसभा चुनावों का कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान जिस क्षेत्र पर अवैध और जबरन कब्जा किए हुए है, वहां चुनाव कराने की उसकी योजना पूरी तरह अस्वीकार्य है।**


विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, जिसमें गिलगित-बाल्टिस्तान भी शामिल है, भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। इसलिए पाकिस्तान को उन क्षेत्रों में किसी भी तरह की राजनीतिक प्रक्रिया चलाने का कोई अधिकार नहीं है। चुनाव कराने जैसी गतिविधियां वहां की जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकतीं।

गिलगित-बाल्टिस्तान में रविवार को 10 जिलों की 24 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। यह भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का हिस्सा है। हालांकि, यह पाकिस्तान के कब्जे में है। इसी वजह से वहां होने वाले हर चुनाव या राजनीतिक कदम पर भारत आमतौर पर आपत्ति दर्ज कराता है।









## साढ़े पांच साल बाद हो रहे चुनाव

गिलगित-बाल्टिस्तान में साढ़े पांच साल बाद हो रहे हैं। इससे पहले यहां नवंबर 2020 में चुनाव हुए थे, जिनमें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (ढळक) ने जीत हासिल की थी। यहां का कार्यकाल 5 साल का होता है। 2020 में चुनी गई विधानसभा ने नवंबर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था। नियमों के मुताबिक इसके बाद नए चुनाव कराए जाने थे, लेकिन खराब मौसम और प्रशासनिक कारणों से मतदान समय पर नहीं हो सका। क्षेत्र में सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जिससे कई इलाकों में आवागमन प्रभावित हो जाता है। इसी वजह से चुनाव को टाल दिया गया और बाद में 7 जून 2026 की तारीख तय की गई। गिलगित-बाल्टिस्तान (जिसे पाकिस्तान आजाद जम्मू-कश्मीर कहता है) की प्रशासनिक व्यवस्था अलग-अलग रही है। ढङ्ग' का अपना अलग संविधान, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और विधानसभा है। पाकिस्तान ढङ्ग' को कुछ स्वायत्तता देता है, हालांकि वास्तविक शक्ति काफी हद तक इस्लामाबाद के पास रहती है। लेकिन गिलगित-बाल्टिस्तान की स्थिति अलग थी। 1947 से लेकर कई दशकों तक इसे पाकिस्तान ने सीधे संघीय सरकार के जरिए चलाया। यहां न तो प्रांत का दर्जा था और न ही पाकिस्तान की संसद में पूरा प्रतिनिधित्व था।

## कहां है गिलगित-बाल्टिस्तान?




गिलगित-बाल्टिस्तान हिमालय, काराकोरम और हिंदुकुश पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित एक रणनीतिक क्षेत्र है. यह भारत, चीन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के करीब स्थित होने के कारण भू-राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है. भारत ने हमेशा से ही गिलगित-बाल्टिस्तान को जम्मू-कश्मीर का अभिन्न हिस्सा है बताया है. पाकिस्तान इस पर अवैध कब्जा किए हुए है. 1947 में जम्मू-कश्मीर रियासत के विभाजन के बाद यह इलाका पाकिस्तान के नियंत्रण में चला गया. हालांकि, पाकिस्तान ने इसे कभी अपने संविधान में औपचारिक प्रांत का दर्जा नहीं दिया. यही वजह है कि दशकों तक यहां के लोगों को पाकिस्तान के अन्य प्रांतों के बराबर संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पाए.

मई 2018 में तत्कालीन पाकिस्तान सरकार ने गिलगित-बाल्टिस्तान ऑर्डर 2018 लागू किया था. इसे क्षेत्र को अधिक प्रशासनिक अधिकार देने के उद्देश्य से लाया गया बताया गया था. इस आदेश के तहत गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा और स्थानीय सरकार को कुछ अतिरिक्त शक्तियां दी गईं. विवाद की शुरूआत यहीं से हुई.

आलोचकों का कहना था कि इस आदेश ने अधिकार देने के बजाय अधिकांश महत्वपूर्ण शक्तियां पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के हाथों में केंद्रित कर दीं. ऑर्डर के तहत प्रधानमंत्री को कानून बनाने, प्रशासनिक फैसले लेने और कई संवैधानिक मामलों में अंतिम अधिकार प्राप्त हो गए.

## 27 जुलाई को विधानसभा चुनाव होंगे

**गिलगित-बाल्टिस्तान के बाद 27 जुलाई को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। विधानसभा में कुल 53 सीटें हैं। इनमें से 45 सीटों पर सीधे चुनाव होता है, जबकि 8 सीटें महिलाओं, तकनीकी विशेषज्ञों और धार्मिक विद्वानों के लिए आरक्षित हैं।**

विधानसभा का कार्यकाल पांच साल का होता है। इससे पहले 2021 में विधानसभा चुनाव में इमरान खान की पार्टी ने 45 में से 25 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। इसके बाद सरदार अब्दुल कय्यूम नियाजी प्रधानमंत्री बने। हालांकि अप्रैल 2022 में इमरान खान की सरकार गिर गई। इसका असर वहां की राजनीति पर भी पड़ा।

मई 2022 में सरदार अब्दुल कय्यूम नियाजी ने इस्तीफा दे दिया। इसके बाद ढळक ने ही सरदार तनवीर इलियास को नया प्रधानमंत्री बनाया। लेकिन अप्रैल 2023 में ढङ्गङ की उच्च अदालत ने उन्हें अदालत की अवमानना के मामले में अयोग्य घोषित कर दिया। इसके बाद उनका पद चला गया और एक बार फिर नया प्रधानमंत्री चुनना पड़ा। इसके बाद चौधरी अनवरुल हक प्रधानमंत्री बने। लेकिन कुछ ही समय बाद उन्होंने इमरान खान और से दूरी बना ली और खुद को स्वतंत्र नेता के रूप में स्थापित किया। बाद में पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य दलों के समर्थन से उनकी सरकार चलती रही। इस दौरान महंगाई, बिजली दरों और आटे की कीमतों को लेकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन भी हुए। 2024 में कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए थे, जिसके बाद पाकिस्तान की संघीय सरकार को सब्सिडी और आर्थिक राहत पैकेज की घोषणा करनी पड़ी। 2019 में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन के बाद बने परिसीमन ढांचे के तहत जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 24 सीटें ढङ्गङ और गिलगित-बाल्टिस्तान के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों पर चुनाव नहीं होते क्योंकि ये क्षेत्र फिलहाल पाकिस्तान के नियंत्रण में हैं। इसलिए इन्हें खाली रखा जाता है।

# पुतिन ने भारत को सुखोई-57 ऑफर किया, अमेरिका से बोले- भारत पर दबाव डालना बेकार




**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत को सुखोई SU-57 स्टेल्थ फाइटर जेट को लेकर बड़ा ऑफर दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, भारत के साथ मिलकर इस विमान का विकास और उत्पादन करने के लिए तैयार है। साथ ही रूस जरूरी रक्षा तकनीकें साझा करने के लिए भी तैयार है।**

पुतिन ने गुरुवार को सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम के दौरान अंतरराष्ट्रीय मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पहले भी भारत को इसे बनाने के प्रोजेक्ट में साझेदार बनने का ऑफर दिया था। उस समय भारत ने कहा था कि रूस पहले इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाए, उसके बाद भारत इसमें शामिल होने पर विचार करेगा।

पुतिन ने कहा- यह विमान हमारा जॉइंट प्रोजेक्ट हो सकता था। हमने इसे अपने दम पर विकसित किया, लेकिन अब भी हम भारत के साथ इस क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार हैं। हम भारत को यह विमान देने और इसके आगे के विकास में साझेदारी करने के लिए तैयार हैं। इसमें हमें कोई समस्या नजर नहीं आती। यही बात एयर डिफेंस सिस्टम पर भी लागू होती है।

पुतिन ने अमेरिका-भारत के संबंधों पर कहा कि वर कई मुद्दों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस तरह की कोशिशें बेकार हैं। भारत इसका विरोध करेगा। पुतिन ने सुखोई SU-57 की तारीफ करते हुए कहा कि यह पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है और उनकी नजर में दुनिया के सबसे अच्छे फाइटर जेट्स में से एक है। इसमें स्टेल्थ क्षमता, उच्च गतिशीलता, आधुनिक एवियोनिक्स और मल्टी-रोल कॉम्बैट क्षमताएं हैं। सुखोई SU-57 हवा, जमीन और समुद्री लक्ष्यों पर हमला करने में सक्षम है। दुनिया में कुछ ही पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं जिनमें SU-5 के साथ चीन का और अमेरिका के जेट शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के बेड़े में इस समय सबसे एडवांस जनरेशन का फाइटर जेट फ्रांसीसी मूल का राफेल है। इसे तकनीकी रूप से 4.5 जनरेशन का लड़ाकू विमान माना जाता है।

### भारत ने सुखोई प्रोजेक्ट से जुड़ने का ऑफर ठुकराया था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस ने भारत को 2018 के आसपास सुखोई प्रोजेक्ट में शामिल होने का प्रस्ताव दिया गया था, उस समय भारत ने रव-57 प्रोजेक्ट में रुचि दिखाई थी, लेकिन भारतीय वायुसेना का मानना था कि यह विमान उसकी सभी जरूरतों को पूरा नहीं करता।

उस दौर की कई रिपोर्टों में दावा किया गया था कि वायुसेना इसकी स्टेल्थ क्षमताओं से पूरी तरह संतुष्ट नहीं थी। इसके अलावा तकनीक हस्तांतरण (टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) को लेकर भी दोनों पक्षों के बीच मतभेद थे।

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा के दौरान भारत को एफ-35 की पेशकश की थी। अब पुतिन के नए प्रस्ताव के बाद माना जा रहा है कि रूस इन पुरानी चिंताओं को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

### पुतिन बोले- रूस, भारत-चीन के रिश्तों में दखल नहीं देगा

पुतिन ने कहा है कि भारत और चीन के रिश्ते बेहद संवेदनशील और जटिल हैं, इसलिए रूस उनमें दखल नहीं देना चाहता। उन्होंने भरोसा जताया कि मोदी और जिनपिंग बातचीत के जरिए सीमा विवाद समेत सभी अहम मुद्दों का समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत और चीन के साथ रूस के रिश्ते अलग-अलग और स्वतंत्र हैं। भारत के साथ रूस की दोस्ती से चीन को कोई परेशानी नहीं होती और चीन के साथ रूस के करीबी संबंधों से भारत के साथ उसके रिश्तों पर भी कोई असर नहीं पड़ता।

■ वर्ष-12 अंक-213 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 06 जून, 2026

## सुभाषितानि

आयु: कर्म वित्तञ्च विद्या निधनमेव च।
पञ्चैतानि हि सृज्यन्ते गर्भस्थस्यैव देहिन:॥

**भावार्थ** : आयु, कर्म, वित्त, विद्या, निधन ये पांचों चीजें प्राणी के भाग्य में तभी लिख दी जाती हैं, जब वह गर्भ में ही होते है।

मूर्खाः यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दाम्पत्योः कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता॥

**भावार्थ** : जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है।

## सम्पादकीयम्

### तस्य द्वितीयः दावाः ततोऽपि रोचकः

नास्ति यत् एतां सकारात्मकं गतिं पटरीतः पातुं शक्नोति इति सुनिश्चितं कर्तुं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। हिजबुल इत्यादीनां तत्त्वानां विषये अपि सतर्कता आवश्यकी अस्ति, ये द्वन्द्वं वर्धयितुं प्रयतन्ते। ट्रम्पस्य दावाः अधुना अमेरिका-इरान्-देशयोः मध्ये द्वितीयचक्रस्य वार्तायां सज्जता प्रचलति। एकदिनपूर्वमेव अमेरिकीराष्ट्रपतिना स्थितिसम्बद्धौ महत्त्वपूर्णौ दावौ कृतौ। प्रथमं इरान्-देशेन सह संघर्षः अतीव शीघ्रमेव समाप्तः भवति इति कथ्यते, उभयराष्ट्रं च शान्तिसम्झौतेः समीपे अस्ति। तस्य द्वितीयः दावाः ततोऽपि रोचकः अस्ति यत् इराणदेशः परमाणुशस्त्रनिमार्णे प्रयुक्तं समृद्धं यूरेनियमं समर्पयितुं सहमतः अस्ति। शत्रुतायाः प्रारम्भात् परं ट्रम्पः संघर्षस्य शान्तिस्य च सम्भावनायाः विषये एतावत् विस्तृतं परस्परविरोधी दावानां सङ्ग्रहं कृतवान् यत् तेषु कस्मिन् अपि एकस्मिन् विश्वासं स्थापयितुं कठिनं जातम्। तथापि तस्य अद्यतनवाक्यानि सूचयन्ति यत् अमेरिकादेशः खलु अस्य युद्धस्य समाप्तिम् इच्छति। क्षतिः प्रभावः : अयं विग्रहः केवलं निवृत्तः भवितुमर्हति। अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेन्सी चेतवति यत्, सम्पूर्णे मध्यपूर्वे क्षतिकारणात्, तैलस्य उत्पादनस्य स्तरं युद्धपूर्वस्थितौ पुनः स्थापयितुं प्रायः वर्षद्वयं यावत् समयः स्यात्। अस्य तात्पर्यं यत्, यदि सम्झौता कृता अपि, तदपि वैश्विकसमुदायस्य परिणामतः आघातात् पुनः प्राप्तुं पर्याप्तः समयः स्यात् अतः यदि इदानीं संकल्पः आकारं गृह्णाति इति भासते तर्हि तस्य पूंजीकरणस्य प्रत्येकं अवसरं ग्रहीतव्यम्।

200 कोटिरूप्यकाणां रंगदारीप्रकरणे जैकलिन फर्नाण्डिजस्य विरुद्धं आरोपाः

# अन्येषां च आरोपितव्यक्तिनां विरुद्धं आरोपं निमार्तुं प्रक्रिया अग्रे गता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

उच्चस्तरीय ?200 कोटिरूप्यकाणां रंगदारी-धनशोधनप्रकरणे दिल्लीनगरस्य विशेषन्यायालयेन कथितस्य धोखाधड़ीकर्ता सुकेशचन्द्रशेखरस्य, बालिवुड्-अभिनेत्री जैक्लिन् फर्नाण्डिजस्य, अन्येषां च आरोपितव्यक्तिनां विरुद्धं आरोपं निमार्तुं प्रक्रिया अग्रे गता। पटियाला सदनन्यायालयस्य विशेषन्यायाधीशः प्रशांतशर्मा इत्यनेन अस्मिन् प्रकरणे सम्बद्धाः अभियुक्ताः जूनमासस्य ३ दिनाङ्के न्यायालये उपस्थिताः भवेयुः इति आह्वानं कृतम् अस्ति। अस्य विषये विस्तृतः आदेशः प्रतीक्षितः अस्ति।

एषः प्रकरणः दिल्लीपुलिसस्य आर्थिक-अपराध-विभागेन संगठित-अपराध-एककेन च कृतेन अन्वेषणात् उद्भूतः अस्ति, यत्र आरोपः अस्ति यत् सुकेशचन्द्रशेखरेण तस्य सहकारिभिः अदितिसिंहात्-पूर्व-रणबैक्सी-प्रवर्तकस्य शिविन्दरसिंहस्य पत्नी-2020-2021-वर्षयोः मध्ये प्रायः 200 कोटिरूप्यकाणां धोखाधड़ी, वसूली च कृता इति आरोपः अस्ति सुकेशः मिथ्या प्रभावस्य भावस्य प्रक्षेपणार्थं केन्द्रसर्वकारस्य वरिष्ठस्य अधिकारीरूपेण अभिनयं कृत्वा शिविन्दरसिंहस्य जमानतस्य बहाने बृहत धनं प्राप्तवान्।

प्रवर्तननिदेशालयेन (ईडी) कृते अन्वेषणे दावाः सन्ति यत्, शेल् कम्पनीनां माध्यमेन, विविधवित्तीयव्यवहारस्य माध्यमेन च उत्कीर्णनिधिः प्रक्षालितः आसीत्। एजन्सी आरोपयति यत् एतेषां धनराशिनां भागः महत् उपहारं, विलासिनीवस्तूनि, अन्यसम्पत्तयः च क्रेतुं उपयुज्यते स्म।

पूरक-अभियोजन-शिकायतया ईडी-संस्थायाः अभिनेत्रीं जैक्लिन् फर्नाण्डिज् इत्यपि अभियुक्तत्वेन नामाङ्कितम् आसीत्। एजेन्सी आरोपयति यत् जैक्लिन् कोटिरूप्यकाणां महत उपहारं अन्ये च लाभं प्राप्तवती, ये अपराधस्य आयात् प्राप्तस्य धनस्य उपयोगेन क्रीताः आसन्। अन्वेषणसंस्थायाः अनुसारं एतेषां उपहारानाम् कुलमूल्यं ७ कोटिभ्यः अधिकं भवति।

परन्तु जैक्लिन् फर्नाण्डिज् इत्यनेन सुकेशचन्द्रशेखरस्य कथितानां आपराधिकक्रियाकलापानाम विषये सा अनभिज्ञः आसीत्, कस्यापि अवैधकार्य्ये भागं ग्रहीतुं तस्याः अभिप्रायः नासीत् इति याचिका निरन्तरं स्थापिता अस्ति। अभिनेत्र्याः वकिलानां मतं यत् तेषां ग्राहकः अस्मिन् प्रकरणे मिथ्यारूपेण संलग्नः अस्ति। अस्मिन् मासे प्रारम्भे ईडी इत्यनेन जैक्लिन् इत्यस्याः अनुमोदकं भवितुं अनुमतिं याचयितुम् अपि विरोधः कृतः। एजन्सी तर्कयति स्म यत् अभिनेत्री कथितस्य अपराधात् प्राप्तस्य आयस्य लाभार्थी अभवत्, अधुना अभियोजनं परिहरितुं प्रयतते।

अस्मिन् विषये

## च बहूनां सङ्ख्यां करियर-निमार्णं कर्तुं प्रयतन्ते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अस्मिन् विषये च बहूनां सङ्ख्यां करियर-निमार्णं कर्तुं प्रयतन्ते अमेरिकादेशे एच्-१ बी वीजाकार्यक्रमस्य स्थितिं परितः वादविवादः अपि तीव्रः अभवत्। अन्तिमेषु वर्षेषु अमेरिकीप्रशासनेन एच्-१ बी वीजानां वैकल्पिकव्यावहारिकप्रशिक्षणस्य च सम्बद्धानां कथितानां दुरुपयोगानाम्, धोखाधड़ीनां च निवारणाय अनेकाः कठोरपरिहाराः कार्यान्विताः सन्ति फलतः विदेशीयकर्मचारिणां नियुक्तेः, वीजानां प्रायोजकत्वस्य च विषये पूवार्पेक्षया दूरतरं कम्पनयः सावधानाः अभवन्। विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् वर्धमानः आर्थिक-अनिश्चितता, टेक-कम्पनीनां अन्तः परिच्छेदः, कार्य-बाजारे तीव्र-प्रतिस्पर्धा च विदेशीय-व्यावसायिकानां कृते परिस्थितयः अधिकं चुनौतीपूर्णाः अभवन्

उद्योगस्य अन्तःस्थजनाः टिप्पणीं कुर्वन्ति यत् महामारी-उत्तरवर्षेषु टेक-क्षेत्रे दृष्टा नियुक्ति-उत्साहः अधुना महतीं मन्दतां प्राप्तवान् अस्ति। अनेकाः प्रमुखाः कम्पनयः व्ययस्य कटौतीं कर्तुं स्वकार्यबलस्य आकारं न्यूनीकृतवन्तः, नूतननियुक्तौ प्रतिबन्धं च स्थापितवन्तः। एतादृशे वातावरणे वीजाप्रायोजकत्वस्य आवश्यकतां विद्यमानानाम् अभ्यर्थीनां कृते अतिरिक्तबाधाः सन्ति, यतः कम्पनयः तान् अभ्यर्थिनः प्राथमिकताम् अददात येषां अतिरिक्तकानूनी-प्रशासनिक-औपचारिकताः न सन्ति एच्-१ बी वीजाधारकाणां कृते केवलं तान्त्रिककौशलं पर्याप्तं नास्ति इति अपि विशेषज्ञाः वदन्ति। वर्तमानकार्यबाजारे संजालीकरणं, स्थानीयकार्यअनुभवः, विशेषविशेषज्ञता, विकसितप्रौद्योगिकीनां अनुरूपं स्वकौशलं निरन्तरं अद्यतनीकर्तुं क्षमता च समानरूपेण महत्त्वपूर्णा अभवत्।

## प्रतिवेदनानुसारं संस्थागतप्रसवेषु किञ्चित् न्यूनता ज्ञाता अस्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

सामाजिकसूचकेषु अपि केचन सकारात्मकाः परिवर्तनाः उद्भूताः सन्ति। १८ वर्षाणां पूर्वं विवाहं कुर्वतीनां महिलानां प्रतिशतं २३.१ प्रतिशतात् २० प्रतिशतं यावत् न्यूनीकृतम् अस्ति। तथैव २१ वर्षाणाम् पूर्वं विवाहं कुर्वतां पुरुषाणां प्रतिशतं ३०.१ प्रतिशतात् २५ प्रतिशतं यावत् न्यूनीकृतम् अस्ति। प्रतिवेदनानुसारं संस्थागतप्रसवेषु किञ्चित् न्यूनता ज्ञाता अस्ति; एतत् आकङ्क्षणं ९०.७ प्रतिशतात् ८९.८ प्रतिशतं यावत् न्यूनीकृतम् अस्ति। परन्तु सिजेरियनप्रसवस्य संख्यायां वृद्धिः अभवत्। निजीस्वास्थ्यसेवासंस्थासु सिजेरियनजन्मस्य प्रतिशतं ५२ प्रतिशतात् ६२ प्रतिशतं यावत् वर्धितम्, सरकारीचिकित्सालयेषु च ८.२ प्रतिशतात् १०.४ प्रतिशतं यावत् वर्धितम् अस्ति बालप्रतिरक्षणस्य स्थितिः सुधारः अवलोकितः अस्ति। १२-२३ मासस्य आयुवर्गस्य ८१.५ प्रतिशतं बालकाः पूर्णप्रतिरक्षणं प्राप्तवन्तः।

## राशिफल

**मेष** : धन की स्थिति में सुधार होगा। अपनों का साथ मिलेगा। जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें।

**वृषभ** : सेहत पर नजर रखना जरूरी है। निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों में विवाद में पड़ने से दूर रहें।

**मिथुन** : सेहत पहले से बेहतर होगी। अपनी भावनाओं को खुलकर जाहिर करने में सफल रहेंगे।

**कर्क** : परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आय और व्यय के बीच बैलेंस बनाकर रखना जरूरी है।

**सिंह** : करियर में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने से मन खुश रहेगा।

**कन्या** : मनचाही यात्रा के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे।

**तुला** : निवेश में सावधानी बरतना जरूरी है। आप सावधानी से प्लानिंग और आसान कदमों से फायदा उठा सकेंगे।

**वृश्चिक** : आध्यात्मिक रुझान बढ़ेगा। शांत रवैया विचारों को आसानी से साझा करने और तनाव कम में मदद करता है।

**धनु** : व्यापार में नुकसान के संकेत हैं, इसलिए धन से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें। थोड़ा इमोशनल फील कर सकते हैं।

**मकर** : रिश्तों में मजबूती आएगी। धन की स्थिति पहले से बेहतर होगी। लव के मामले में दिन अच्छा माना जा रहा है।

**कुंभ** : कारोबार में तरक्की मिल सकती है। आय के नए-नए स्रोत बन सकते हैं, लेकिन खर्च की अधिकता हो सकती है।

**मीन** : आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें। ग्रुप के विचारों को काम के समय के साथ मिलाएं।

सर्वोच्चन्यायालयस्य मार्गदर्शिकायाः स्पष्टा अवहेलना

# भयानकस्थितेः विषये तीक्ष्णं अवलोकनं कृत्वा एनटीए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



सर्वोच्चन्यायालयस्य मार्गदर्शिकायाः स्पष्टा अवहेलना एतस्याः भयानकस्थितेः विषये तीक्ष्णं अवलोकनं कृत्वा एनजीटी इत्यनेन स्पष्टीकृतं यत् प्राकृतिक-आन्ध्र-जल-नालिकेषु अशुद्धं, विषाक्तं, गन्दं च मलजलं निर्वहणं पर्यावरण-मानकानां प्रत्यक्षं उल्लङ्घनं भवति न्यायालयेन उक्तं यत् एषः अधिनियमः सर्वोच्चन्यायालयेन समये समये निर्गतस्य मार्गदर्शिकायाः सर्वथा विपरीतम् अस्ति। न्यायाधिकरणेन कठोरचेतावनी जारीकृता यत एतादृशी प्रमादः पुनः सहितुं न शक्यते; फलतः जबलपुरनगरनिगमेन अस्य प्रथायाः समाप्त्यर्थं स्थले तत्कालं ठोसकार्याणि सुनिश्चितं कर्तव्यम्-विना किमपि विलम्बं विना।

नगरस्य एकः विशालः भागः अद्यापि सीवरजालेन सह असम्बद्धः एनजीटी इत्यनेन नगरनिगमेन प्रदत्तस्य प्रतिवेदनस्य कठोरसमीक्षा कृता, यस्मिन् कटुसत्यं उजागरितम् यत् 'संस्कारधनी' (जबलपुर) इत्यस्य विशालः आवासीयः वाणिज्यिकः च खण्डः अद्यापि मुख्यसीवरजालरेखाभिः सह न सम्बद्धः अस्ति। परन्तु नगरनिगमस्य तर्कः आसीत् यत् वर्तमानकाले त्यक्तेषु सर्वेषु क्षेत्रेषु शतप्रतिशतम् व्यापकं सीवरेजव्यवस्थां विकसितुं एएमआरयूटी २.० योजनायाः अन्तर्गतं नूतनाः परियोजनाः पूर्वमेव स्वीकृताः सन्ति। अस्य प्रतिक्रियारूपेण न्यायाधिकरणेन स्पष्टतया उक्तं यत् केवलं योजनानां अनुमोदनं प्राप्तुं अपर्याप्तम्; अपितु एताः परियोजनाः परिभाषितसमयान्तरे सख्यं कार्यान्विताः भवेयुः येन पर्यावरणस्य अधिकं क्षयः न भवति।

ग्रीन बफर जोन्स् तथा अतिक्रमणानां निष्कासनविषये विस्तृतप्रतिवेदनं याचितम् पर्यावरणसंरक्षणसम्बद्धेषु राज्यसर्वकारेण समये समये निर्गतानाम् विभिन्नानां अधिसूचनानां प्रति दर्शितस्य अवहेलनायाः विषये अपि न्यायाधिकरणेन प्रश्नाः उत्थापिताः। नगरनिगमाय सख्तनिदेशाः जारीकृताः यत् न्यायालये विस्तृतं, बिन्दुवारं अनुपालनप्रतिवेदनं प्रस्तूय-विलम्बं विना-प्रमुखनगरनालिकानां तटे निर्माणक्रियाकलापानाम् प्रतिबन्धानां, हरितबफरक्षेत्रस्य निर्माणस्य, नालिकानां परितः अवैध अतिक्रमणानां निष्कासनस्य, तथा च राज्यसर्वकारस्य मार्गदर्शिकानां पालनार्थं कृतानां कदमानां रूपरेखां दर्शयति बृहत्-परिमाणेन वृक्षारोपण-अभियानस्य उपक्रमः।

जबलपुर के 11 ऐतिहासिक तालाबों पर अस्तित्व संकट मंडराता मलजलस्य विषयस्य पार्श्वे जबलपुरस्य एव परिचयः इति मन्यमानानां तडागानां दुःखदस्थितेः विषये एनजीटी बहुधा अवतरत् अस्ति। न्यायालयेन नगरस्य ११ प्रमुखतडागानां जलाशयानाञ्च विषये महत्त्वपूर्णाः निदेशाः जारीकृताः सन्ति। एनजीटी इत्यनेन प्रशासनात् एतेषां सर्वेषां तडागानां वास्तविकपृष्ठक्षेत्रस्य विवरणं कृत्वा व्यापकं स्थितिप्रतिवेदनं माङ्गितम् अस्ति-तेषां मूलराजस्व-अभिलेखानां अनुसारं-तेषु अवैध-अतिक्रमणानां वर्तमान-स्थितिः, तेषां संरक्षणार्थं कृताः उपायाः, सर्वाधिकं महत्त्वपूर्णं च, एतेषां जलनिकायानां पुनरुत्थानाय अद्यावधि कृतानि पदानि च।

निजीविद्यालयेषु नियोजितशिक्षकाणां अधिकारसम्बद्धं महत्त्वपूर्णं निर्णयं

# बालसंरक्षणावकाशस्य अधिकारिणः सन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली





निजीविद्यालयेषु नियोजितशिक्षकाणां अधिकारसम्बद्धं महत्त्वपूर्णं निर्णयं दिल्ली उच्चन्यायालयेन दत्तम्। एकेन शिक्षकेन दाखिलस्य याचिकायाः श्रवणं कुर्वन् न्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् दिल्लीनगरस्य मान्यताप्राप्तनिजीविद्यालयेषु कार्यं कुर्वन्तः शिक्षकाः बालसंरक्षणावकाशस्य अधिकारिणः सन्ति, यथा सर्वकारीयविद्यालयेषु तेषां समकक्षाः।

मुख्यन्यायाधीशः देवेन्द्रकुमार उपाध्यायः न्यायाधीशः तेजस करिया च समाविष्टाः संभागपीठेन एकन्यायाधीशस्य निर्णयः एकपार्श्वे स्थापितः, यत्र दिल्लीविद्यालयशिक्षानियमानुसारं निजीविद्यालयानाम् कर्मचारिणां अवकाशलाभः सरकारीविद्यालयकर्मचारिणां बराबरः प्राप्तव्यः इति।

१२ कक्षायां अध्ययनं कुर्वन्तः पुत्रस्य परिचयार्थं अवकाशः याचितः प्रकरणं मान्यताप्राप्तनिजी, तथापि असहायविद्यालये नियोजितः शिक्षकः अस्ति। सा स्वपुत्रस्य परिचयार्थं २०२५ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य प्रथमदिनात् २०२५ तमस्य वर्षस्य सेप्टेम्ब-मासस्य ३० दिनाङ्कपर्यन्तं बाल-संरक्षण-अवकाशं याचितवती आसीत्, यत् १२ कक्षायां छात्रः अस्ति। याचिकायां उक्तं यत् तस्याः पुत्रः बोर्डपरीक्षायाः, अध्ययनस्य च सज्जतायाः दबावे अस्ति, अतः मातुः समर्थनं, परिचर्या च आवश्यकी आसीत परन्तु विद्यालयप्रशासनेन तस्याः अवकाशस्य अनुरोधः अङ्गीकृतः, तस्मात सा न्यायालयस्य समीपं गन्तुं प्रेरितवती।

याचिका प्रारम्भे खारिज प्रारम्भे प्रकरणं श्रुत्वा एकमात्रः न्यायाधीशः पूर्वनिर्णयानां केषाञ्चन उद्धृत्य याचिकां निरस्तं कृतवान् आसीत्। तस्मिन् समये न्यायालयेन अवलोकितं यत् निजीविद्यालयस्य शिक्षकाः सर्वकारीयकर्मचारिभिः प्राप्यमाणानां सर्वेषां लाभानाम् अधिकारिणः न सन्ति। तदनन्तरं उच्चन्यायालयस्य विभागपीठस्य समक्षं अपीलं कृत्वा शिक्षकः अस्य आदेशस्य आव्हानं कृतवान्। उच्चन्यायालयात् प्रमुख राहत सुनवायीकाले अध्यापकस्य पक्षतः तर्कः कृतः यत् दिल्लीविद्यालयशिक्षाकानूनस्य धारा १० तथा नियम १११ इत्यस्य अनुसारं मान्यता प्राप्तनिजीविद्यालयेषु शिक्षकाः सर्वकारीयविद्यालयेषु शिक्षकाणां इव अवकाशं अन्ये च लाभं प्राप्नुयुः। संभागपीठेन स्वस्य निर्णये उक्तं यत् दिल्ली विद्यालयशिक्षानियमस्य नियमः।

## ज्योतिष/वास्तु

# जून में बृहस्पति बदलेंगे चाल, इन 4 राशियों की चमकेगी किस्मत, मिलेगी सफलता





ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह समय कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ और फलदायी माना जा रहा है। खासतौर पर 4 राशियों के जीवन में आर्थिक उन्नति, सफलता और नए अवसरों के द्वार खुलने की संभावना है।

ज्योतिष शास्त्र में बृहस्पति ग्रह को ज्ञान, भाग्य, धर्म और प्रगति का प्रतीक माना गया है। इसे देवताओं का गुरु भी कहा जाता है, जो जीवन में शुभता और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। मान्यता है कि जब बृहस्पति अपनी स्थिति बदलता है, तो उसका प्रभाव सभी राशियों पर किसी न किसी रूप में अवश्य पड़ता है। इसी क्रम में 18 जून को रात 9:32 बजे बृहस्पति शनि के अधीन पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहा है और यह स्थिति 19 अगस्त 2026 तक बनी रहेगी। ज्योतिषीय दृष्टि से यह परिवर्तन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवधि में कुछ राशियों के जीवन में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जहां आर्थिक प्रगति, सफलता और नए अवसरों के द्वार खुलने की संभावना जताई जा रही है। अब सवाल यह है कि किन चार राशियों के लिए यह समय नए अध्याय की शुरूआत लेकर आ सकता है।

**कर्क राशि–** बृहस्पति का यह गोचर कर्क राशि के जातकों के लिए अत्यंत शुभ परिणाम देने वाला माना जा रहा है। इस अवधि में आर्थिक लाभ के मजबूत संकेत हैं और नई संपत्ति या मूल्यवान वस्तु खरीदने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक संबंधों में मजबूती और आपसी समझ बढ़ेगी। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकता है। साथ ही समाज में मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में भी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

**कन्या राशि–** कन्या राशि के लिए यह समय करियर के लिहाज से काफी अनुकूल माना जा रहा है। कार्यक्षेत्र में उन्नति के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं और सहकर्मियों के बीच सम्मान बढ़ेगा। पारिवारिक जीवन में शांति और सुख का वातावरण रहेगा। नया काम, व्यवसाय या नौकरी शुरू करने के लिए यह समय अनुकूल साबित हो सकता है। लंबे समय से रुकी हुई योजनाओं को आगे बढ़ाने का भी अवसर मिल सकता है।

**धनु राशि–** धनु राशि के जातकों के लिए बृहस्पति का यह गोचर प्रगति और सफलता के नए रास्ते खोल सकता है। व्यापार में लाभ और आर्थिक मजबूती के संकेत हैं। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए यह समय अनुकूल रह सकता है। प्रभावशाली लोगों से संपर्क बनने की संभावना है, जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन में भी खुशियों का संचार रहेगा।

**मीन राशि–** मीन राशि के लिए यह गोचर विशेष रूप से फलदायी साबित हो सकता है। व्यापार में बड़े अवसर और लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को सकारात्मक समाचार मिल सकता है। कला, रचनात्मकता और संस्कृति से जुड़े लोगों को विशेष पहचान और सफलता प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। साथ ही स्वास्थ्य में भी सुधार के संकेत हैं।

## खबर एक नजर...

### शंकरपुर में बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने लगाई फांसी



**उज्जैन।** बीमारी से परेशान चल रहे 61 साल के बुजुर्ग ने शुक्रवार दोपहर को फांसी लगा ली। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी। मृतक का नाम सुरेश पिता कन्हैयालाल कुकड़े सामने आया है। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि दरवाजा नहीं खोलने पर रोशनदान से झांका तो फंदे पर लटके दिखाई दिये। सुरेश कुमार पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। पत्नी प्रायवेट स्कूल में शिक्षिका है। परिजनों के अनुसार कुछ महिनों पहले घर में घिरने से घायल हो गये थे। जिसके बाद से उनका उपचार चल रहा था। वृद्धावस्था और उपचार के चलते परेशान रहने लगे थे। संभवतः इसी के चलते उन्होने घर में फांसी लगाई। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक की बहन उत्तरप्रदेश की रहने वाली है। बहन के आने पर शनिवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।

### युवक ने खाई सल्फास की 3 गोली, हालत गंभीर

**उज्जैन।** विजयागंज मंडी पेट्रोल पंप के सामने से शुक्रवार शाम अर्जुन पिता दिनेश 24 साल निवासी ग्राम खुरसुलाखेड़ी को गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया। अर्जुन ने सल्फास की तीन गोली खाना बताया। हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टरों ने भर्ती कर मामले की सूचना अस्पातल चौकी पुलिस को दी। चौकी प्रधान आरक्षक प्रवीण चौहान बयान दर्ज करने पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि अर्जुन की पत्नी महाराष्ट्र पूणे की रहने वाली है। वह कई महिनों ने मायके में है। फोन पर बात करने के दौरान वापस नहीं आने और सास द्वारा विवाद करने पर उसने आत्मघाती कदम उठाया है। प्रधान आरक्षक चौहान के अनुसार हालत नाजुक होने पर मजिस्ट्रेट स्तर पर तहसीलदार से बयान दर्ज करायेगें।

### ड्रायवर के माचिस जलाते ही कमरे में भभकी आग

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम कामडी में रहने वाला विनोद पिता हाकमसिंह 25 साल इंदौररोड पर चल रहे सिक्सलेन प्रोजेक्ट में ट्रेक्टर पर ड्रायवरी कर रहा था। उसने ग्राम मेंढिया में कमरा ले रखा है। रात में वह घर लौटा और कमरे में जाने के बाद सिगरेट पीने के लिये माचिस जलाई। तिल सुलगते ही कमरे में आग भभक उठी और विनोद लपटों में घिर गया। उसे आसपास के लोगों ने बचाया और अस्पताल पहुंचाया। 75 प्रतिशत झुलसने पर उसे बर्न यूनिट में भर्ती किया गया है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। इस दौरान सामने आया कि कमरे में रखा गैस सिलेंडर लिकेज था। कमरा बंद होने की वजह से गैस फैल गई थी। विनोद के झुलसने की खबर मिलने पर माकडोन से परिजन उज्जैन अस्पताल पहुंच गये थे।

### जमीन विवाद में लाठियों से पिता के साथ की मारपीट

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद में रहने वाले सरदार पिता मांगीलाल बोडाना 60 साल को गुरूवार रात परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान सामने आया कि सरदार बोडाना ढाई बीघा जमीन का मालिक है। पुत्र जीवन द्वारा जमीन में हिस्सा मांगने की बात पर विवाद किया जाता है। रात में जीवन नशा कर लौटा था और जमीन को लेकर विवाद करने लगा। पिता सरदार ने विरोध किया तो लाठियों से पीट कर घायल कर दिया। मारपीट के बाद अपने साथी दरियावसिंह के साथ भाग निकला। मामले में चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने पिता की शिकायत पर पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### आरोपी को जेल से वापस ला सकती है पुलिस

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मंगलवार को ऋणमुकतेश्वर पुलिया के पास से उदूर्पुरा के रहने वाले पियुष पिता नरेन्द्र गेहलोद को 5 ग्राम एमडी ड्रग्स और 2 पिस्टल के साथ 9 खाली और 1 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया था। थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि रिमांड अवधि में अवैध हथियार और मादक पदार्थ से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। आरोपी पियुष का रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पूछताछ में उसने पिस्टल चिमनगंज थाना क्षेत्र के बदमाश से खरीदना बताया है। जिसकी तलाश जारी है। वहीं मादक पदार्थ राजस्थान से लेकर आता था। मामले में अवैध हथियार देने वाले की गिरफ्तारी होने पर आरोपी को दोबारा जेल से लाकर मादक पदार्थ से जुड़े आरोपियों की तलाश में एक टीम राजस्थान भेजी जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 459-8 | 479-0 |
| मेन बाजार | 267-5 | 579-1 |
| मिलन डे | 477-8 | 123-6 |
| मिलन नाइट | 330-6 | 158-4 |

1 7 8

### महाकाल मंदिर प्रशासक के निरीक्षण में उजागर हुआ मामला

# भस्मारती के नाम पर 3 श्रद्धालुओं से लिये थे 7500 रुपए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती के नाम पर श्रद्धालुओं के साथ ठगी के मामले फिर से सामने आने लगे है। गुरूवार-शुक्रवार रात मंदिर प्रशासक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने निकले तो सामने आया कि 3 श्रद्धालुओं से प्रवेश के नाम पर 7500 रुपए वसूले गये है। मामले में मंदिर प्रबंध समिति की ओर से रुपए वसूलने वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।

महाकाल मंदिर प्रशासक और अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक शुक्रवार प्रातःकालीन होने वाली भस्मारती की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिये गुरूवार-शुक्रवार रात औचक निरीक्षण पर निकले। उन्होने नीलकंठ द्वार से प्रवेश कर मानसरोवर मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं की भस्मारती अनुमति की जांच शुरू की और श्रद्धालुओं से फीडबैक लेना शुरू किया। तभी दिल्ली से आये दर्शनार्थी पार्थ, प्रत्युष और रजत की अनुमति को देखा और पूछताछ की गई। श्रद्धालुओं ने बताया कि उनसे प्रत्येक व्यक्ति के नाम पर 2500 रुपए लिये गये है। कुछ 7500 रुपए उन्होने भस्मारती दर्शन के लिये दिये है। मामला गंभीर होने और दर्शन शुल्क से कही अधिक राशि लिये जाने के मामले में श्रद्धालुओं से पता चला कि रुपए लेने वाले हर्षित जैन और रजत शर्मा है। मंदिर समिति की ओर से मामले में शिकायत दर्ज करने के लिये महाकाल थाना पुलिस को वैधानिक कार्रवाई और जांच के लिये पत्र सौंपा।



**सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर प्रकरण–** महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि मंदिर की ओर से मिले शिकायती पत्र के आधार पर महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सुरक्षा अधिकारी दिलीप बामनिया की शिकायत पर हर्षि जैन और रजत शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार जिन श्रद्धालुओं से अधिक राशि वसूली गई है उनके बयान दर्ज कर दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेगें।

#### कुछ दिनों से लगातार सामने आ रहे मामले

महाकाल मंदिर में प्रतिदिन लाखों की संख्या में देशभर से श्रद्धालु दर्शन के लिये आ रहे है। पिछले कुछ दिनों से दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से धोखाधड़ी कर रुपए लिये जाने के मामले लगातार सामने आ रहे है। 29 मई को मुम्बई के श्रद्धालु धीरज चौरघे से 4250 रुपए लिये जाने का मामला दर्ज किया गया था। 17 मई को बडोदरा की 2 महिला श्रद्धालुओं से 42 हजार की धोखाधड़ी की गई थी। यहीं नहीं 13 मई को नंदी हाल में मिले 3 श्रद्धालु से पूछताछ में रुपए लेकर प्रवेश करने और भस्मारती की अनुमति कराने की बातचीत आशुतोष शर्मा से होना सामने आया था। सभी मामलो में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किये है।



#### पूर्व में हो चुकी है गिरोह की गिरफ्तारी

महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ भस्मारती, शयन आरती और दर्शन के नाम पर रुपए लिये जाने का मामला लम्बे समय से चला आ रहा है। सालभर पहले मंदिर समिति की जांच में गिरोह पकड़ाया था। जिसमें मंदिर समिति से जुड़े कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, मीडियाकर्मी तक शामिल होना सामने आये थे। करीब 12 से 15 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई थी। बावजूद एक फिर से मामले सामने आने लगे है।

## निगम आयुक्त ने किया महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा और हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग का निरीक्षण



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ 2028 में महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन व्यवस्था बनाने हेतु नए मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों की प्रगति जानने के लिए नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने शुक्रवार को स्थल निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा मार्ग तक 360 मीटर लंबा और 24 मीटर चौड़ा मार्ग कहारवाड़ी तक बनाया जा रहा है। आयुक्त ने बताया कि मार्ग के दोनों ओर 500 एमएम की रिटर्निंग वॉल तैयार की जा रही है। कहारवाड़ी क्षेत्र के कॉर्नर पर भवन और होटल हटाने का काम पूरा किया गया है। हेरिटेज होटल के सामने 21 मीटर लंबी राफ्ट फाउंडेशन का काम पूर्ण हो चुका है, जबकि मार्ग के दोनों तरफ 12-12 मीटर में राफ्ट का काम जारी है। आयुक्त मिश्रा ने रिटर्निंग वॉल की कास्टिंग जल्द पूरी करने और 30 जून तक पीक्यूसी सड़क निर्माण में तेजी लाने के लिए ठेकेदार को संसाधन और श्रमिक बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट भी मौजूद रहे।

**हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण–** निगम आयुक्त ने हरसिद्धि पाल से रामघाट मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के साथ काम जल्द और गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक यंत्री निर्झर शुक्ला, कंसल्टेंट और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

### रात में शिवशक्ति नगर लेकर पहुंची पुलिस, 4 दिनों की रिमांड पर

## गुजरात से पकड़ाया ड्रग्स तस्करी में फरार काला बुंदेला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन। मादक पदार्थ तस्करी और अवैध हथियारों में शामिल बुंदेला गैंग के कुख्यात बदमाश को गुजरात से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अप्रैल माह से उसकी तलाश थी। शुक्रवार दोपहर बदमाश को कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। रात में पुलिस उसे शिवशक्ति नगर लेकर पहुंची और मादक पदार्थ की तस्दीक की गई।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि 20 अप्रैल को उंडासा मार्ग गरोठ ब्रिज के नीचे से आई-20 कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 3125 में सवार धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू पिता श्यामसिंह बुंदेला को 28 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ हिरासत में लिया गया था। जिससे पूछताछ में पता चला था कि ड्रग्स भतीजे काला उर्फ जयेन्द्र बुंदेला से लेकर आया था। काला बुंदेला का नाम सामने आने पर उसे भी आरोपी बनाया गया था, लेकिन काला फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये विशेष टीम बनाई गई थी। सवा माह की तलाश के बाद काला बुंदेला को गुजरात के द्वारका से गुरूवार को गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। जिसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर 4 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। रात में उसे शिवशक्ति नगर स्थित घर ले जाया गया, जहां मादक पदार्थ के संबंध में तस्दीक की गई। इस दौरान उसका क्षेत्र में जुलूस निकाला गया। बुंदेला गैंग के बदमाशों की क्षेत्र में दहशत भी बनी हुई थी। फिलहाल काला बुंदेला से प्रारंभिक पूछताछ में उसने मादक पदार्थ ड्रग्स राजस्थान के डग निवासी तस्कर अमजद लाला से लाना स्वीकार किया है। जो वर्तमान में फरार है। थाना प्रभारी के अनुसार ड्रग्स तस्करी में बुंदेला गैंग के छिग्गा उर्फ यशवेन्द्र बुंदेला भी शामिल है। जो राजस्थान के निम्बाहेड़ा पुलिस की गिरफ्त में अवैध हथियारों के साथ पकड़ा गया है।



#### नीलगंगा पुलिस का फरार आरोपी काला

थाना प्रभारी कनोडिया के अनुसार काला बुंदेला के खिलाफ एक दर्जन से अधिक संगीन मामले शहर के थानों में दर्ज है। कुछ माह पहले काला बुंदेला ने नीलगंगा थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास की वारदात को अंजाम दिया था। उक्त मामले में भी फरार चल रहा था। चिमनगंज थाना पुलिस की गिरफ्त में आने पर नीलगंगा थाना पुलिस भी न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर बदमाश को पूछताछ के लिये अपने यहां दर्ज अपराध में पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर लेगी।

## भारत को आपदा मुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आपदा मित्र योजना के चौथे सत्र में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत को विकसीत और आपदा मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा भारत की अमूल्य धरोहर है।

होमगार्ड/एसडीईआरएफ डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट संतोष कुमार जाट ने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा एनडीएमए और एसडीएमए के सहयोग से विभिन्न राज्यों में आपदा मित्र योजना को संचालित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के 11 जिलों को चिन्हित कर 800 आपदा मित्रों को तैयार किया जा रहा है। जिसको लेकर 7-7 दिवस के प्रशिक्षिण शिविर आयोजित किये जा रहे है। प्रशिक्षण का चौथा सत्र 2 जून से शुरू हो चुका है। जिसमें 170 आपदा मित्रों को प्रशिक्षिण दिया जा रहा है। सत्र में शुक्रवार को मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अतेन्द्र सिंह गुर्जर उपस्थित हुये। उनका अभिवादन पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। कार्यक्रम में आपदा मित्रों द्वारा प्रशिक्षण के संबंध में अपने अनुभव मुख्य अतिथि से साझा किये। उसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा भारत की अमुल्य धरोहर है, भारत को विकसित व आपदा मुक्त बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। प्रशिक्षण में छात्राएं भी शामिल है, यह आपदा से निपटने में नारी की इच्छा शक्ती को दशार्ता है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन किट प्रदान की गई। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट जाट ने बताया कि केन्द्र की युवा आपदा मित्र योजना से जुडे मित्रों को बाढ, भूकंप, भू-स्खलन, मेडिकल इमरजेंसी, आगजनी सहित भगदड जैसी घटनाओं को रोकने गुर सिखाये जा रहे है। प्रशिक्षण जिले के कुशल प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। आपदा मित्रों की आगामी सिंहस्थ 2028 में सेवा ली जायेगी।



## बाजार में खपाने निकला था नकली सिगरेट के पैकेट

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गोल्ड फैल्क कंपनी की नकली सिगरेट बाजार में खपाने निकले युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। युवक के पास से 500 पैकेट बरामद किये गये है। कंपनी के सुपरवाईजर की जांच के बाद मामले में युवक के खिलाफ कॉपी राईट एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि सर्कल भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि बाइक सवार एक युवक जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे नकली सिगरेट का बेग लेकर खड़ा है। जो बाजार में खपाने की फिराक में घूम रहा है। युवक की तलाश में जीरो पाइंट ब्रिज पहुंचकर उक्त युवक की पहचान कर उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की गई। युवक का नाम गोविंद पिता संतोष खींची निवासी ग्राम आक्या थाना बैरछा शाजापुर हाल मुकाम वमार्जी का कुआ पंवासा सामने आया। उसके पास से बैग में रखी गोल्ड फैल्क कंपनी की सिगरेट के संबंध में दस्तावेज मांगे गये। गोविंद दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाया। सिगरेट के असली और नकली की पहचान करने के लिये आईटीसी गोल्ड फैल्क कंपनी के सेल्स डिस्ट्रीब्यूटर महेश्वरी मार्केटिंग फ्रीगंज के सुपरवाइजर मुकेश बडोनिया से संपर्क किया गया और थाने बुलाया गया। जिसके आने पर सामने आया कि सिगरेट नकली है, जो हूबहू कंपनी के जैसी है। कंपनी के पैकेट और लेबल का उपयोग कर बाजार में नकली सिगरेट बेची जा रही है। एसआई सालगराम चौहान के अनुसार नकली सिगरेट के 10 बॉक्स में भरे 500 पैकेट बरामद होने पर युवक के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि सिगरेट कहां से लेकर आया था और कहां बेची है। युवक की बाइक और मोबाइल भी जप्त किया गया है।



**हिरासत में आये युवक से 500 पैकेट बरामद**

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा, 1.29 लाख का जप्त, मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया

# उड़ीसा से गांजा डिलेवरी करने बड़नगर आया था तस्कर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गांजा डिलेवरी के लिये उड़ीसा से आये तस्कर को बड़नगर थाना पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। तस्कर के पास से 1.29 लाख का गांजा बरामद होने पर मादक पदार्थ तस्करी का प्रकरण दर्ज किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि गुरूवार रात खबर मिली कि पीथाखेड़ी हनुमान मंदिर के सामने रतलाम मार्ग पर जींस-टीशर्ट पहने एक व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ है। उक्त व्यक्ति किसी को इंतजार कर रहा है। तत्काल एसआई सुरेन्द्रसिंह गरवाल, प्रधान आरक्षक हेमराज खरे, राहुलसिंह राठौर, आरक्षक महेश मोर्य नारायण सरा और टीम के साथ घेराबंदी शुरू की गई। मौके पर पुलिस को आता देख एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसके पास बैग था। टीम ने पीछा कर उसे पकड़ा और बैग की तलाशी लगी गई। जिसमें प्लास्टिक की थैली में बंद मादक पदार्थ गांजा भरा होना सामने आया। उक्त युवक को थाने लाया गया और पूछताछ की गई तो उसका नाम अन्नत पिता निधी मलिक 23 साल डंगरपाड़ा थाना फिरिंग्या जिला कंधमाल उड़ीसा सामने आया। उसके पास से बरामद गांजा 1.29 लाख कीमत का 5 किलो 165 ग्राम था। मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 का प्रकरण दर्ज किया गया और शुक्रवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



#### ट्रेन से भोपाल तक आया था तस्कर

थाना प्रभारी के अनुसार उड़ीसा के गांजा तस्कर से पूछताछ में पता चला कि वह ट्रेन से भोपाल तक आया था, जहां से बस में सवार होकर इंदौर-उज्जैन होते हुए बड़नगर तक पहुंचा था। पूर्व में भी गांजा डिलेवरी के लिये आ चुका था। उसे सिर्फ गांजे की डिलेवरी के लिये भेजा जाता है। गांजा लेने वाला खुद उसके पास तक आता है। जिसे पहचनाता नहीं है। थाना प्रभारी के अनुसार कस्बे में हो रही मादक पदार्थ की तस्करी में लगातार कार्रवाई जारी है। बड़नगर में गांजा और मादक पदार्थ उड़ीसा, झारखंड़ के रास्ते आना सामने आ रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com